तापमान
अधिकतम 30.7 डिग्री
न्यूनतम 12.0 डिग्री

हरिभूमि
# रोहतक भूमि
रोहतक, मंगलवार 24 मार्च 2026

11 नेशनल बॉक्सिंग में लक्ष्य बुधवार ने जीता कांस्य



12 52 चौक-चौराहों पर लगी रंगीन लाइटों का रंग उड़ा



## शहर में आज

- आंबेडकर चौक पर रक्तदान शिविर सुबह 10 बजे से
- नवरात्रों को लेकर अलग-अलग मंदिरों में होगी पूजा
- मांगों को लेकर बिजली निगम के कर्मचारियों का प्रदर्शन
- मांगों को लेकर रोडवेज कर्मचारियों की बैठक

### बजट व वार्षिक रिपोर्ट को एमडीयू की कार्यकारी परिषद ने दी मंजूरी

# 87 शिक्षकों व 28 गैर शिक्षकों की पदोन्नति को हरी झंडी

फॉलोअप

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय की कार्यकारी परिषद की 304वीं बैठक आज कुलपति प्रो. सोमनाथ सचदेवा की अध्यक्षता में सम्पन्न हुई। बैठक में विश्वविद्यालय के शैक्षणिक व प्रशासनिक विकास से जुड़े 62 महत्वपूर्ण एजेंडा पर विस्तार से चर्चा कर कई अहम निर्णय लिए गए।

कार्यकारी परिषद सचिव एवं कुलसचिव डॉ. कृष्णकांत ने बैठक का एजेंडा प्रस्तुत किया। परिषद ने करियर एडवांसमेंट स्कीम (सीएएस) के तहत 87 शिक्षकों की पदोन्नति को मंजूरी प्रदान करते हुए इसे विश्वविद्यालय की शैक्षणिक मजबूती की दिशा में बड़ा कदम बताया। इसके अलावा लगभग 28 नॉन टीचिंग के कर्मचारियों की पदोन्नति को मंजूरी मिली है।

विश्वविद्यालय प्रशासन ने सामाजिक सरोकारों को प्राथमिकता देते हुए गरीबी रेखा से नीचे (बीपीएल) रहने वाले छात्रों के लिए बड़ी राहत की घोषणा की है। गरीबी रेखा से नीचे (बीपीएल) रहने वाले छात्रों को ट्यूशन फीस और हॉस्टल शुल्क में रियायत देने के प्रस्ताव पर मंजूरी मिली।


एजेंडा न केवल विवि के प्रशासनिक ढांचे को प्रभावित करेगा, बल्कि हजारों छात्रों और सैकड़ों शिक्षकों के भविष्य की दिशा भी तय करेगा

एमडीयू में ईसी बैठक 23 को, 111 शिक्षकों की पदोन्नति पर होगा फैसला

बीपीएल छात्रों को ट्यूशन फीस और हॉस्टल शुल्क में रियायत के प्रस्ताव पर चर्चा होगी

नई शिक्षा नीति के तहत नए कोर्स और स्किल प्रोग्राम शुरू करने की भी तैयारी

21 मार्च को प्रकाशित समाचार।


रोहतक। कार्यकारी परिषद की बैठक लेते कुलपति प्रो. सोमनाथ सचदेवा। फोटो : हरिभूमि

### विकासात्मक और बुनियादी ढांचे से जुड़े प्रस्ताव भी पारित

प्रशासनिक पारदर्शिता और भविष्य की योजना सुनिश्चित करते हुए, कुलपति प्रो. सोमनाथ सचदेवा की अध्यक्षता में आयोजित इस बैठक में सत्र 2026-27 के बजट को अपनी मंजूरी दे दी है। इसके साथ ही सत्र 2024-25 की बैलेंस शीट और वार्षिक रिपोर्ट का भी अनुमोदन किया गया। बैठक में विश्वविद्यालय के विभिन्न विकासात्मक और बुनियादी ढांचे से जुड़े प्रस्तावों को भी पारित किया गया, जिससे आने वाले समय में परिसर की सुविधाओं में आधुनिक सुधार देखने को मिलेंगे। कुलपति ने इन निर्णयों को छात्र-केंद्रित और संस्थान की प्रगति का आधार बताया। अंत में कुलसचिव डॉ. कृष्णकांत ने परिषद के सभी सदस्यों का उनके रचनात्मक सहयोग के लिए आभार व्यक्त किया। बैठक में डीन एकेडमिक अफेयर्स प्रो. एस.सी. मलिक, गवर्नर नॉमिनी प्रो. बी.बी. गोयल व प्रो. जे.पी. यादव, डीएचई नॉमिनी डॉ. यशपाल सिंह, फाइनेंस नॉमिनी सुमेर सिंह यादव, प्रो. राजीव कुमार, प्रो. राहुल ऋषि, प्रो. नीलम जैन, प्रो. हरीश दुरेजा, डॉ. मुकेश तंवर, डॉ. वनिता रोज, डॉ. परम भूषण आर्य, डॉ. रश्मि गोयल, डॉ. ऊषा दहिया, गैर शिक्षक कर्मचारी संघ अध्यक्ष सुरेश कौशिक सहित कार्यकारी परिषद के अन्य सदस्य मौजूद रहे।

## खबर संक्षेप

### एमडीयू के सेवानिवृत्त कर्मियों की बैठक 25 को

**रोहतक।** महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय के सेवानिवृत्त कर्मचारियों के संगठन की एक महत्वपूर्ण बैठक 25 मार्च 2026, बुधवार को सुबह 11 बजे गैर शिक्षक कर्मचारी संघ कार्यालय में आयोजित की जाएगी। संघ के प्रधान दयानंद छिकारा ने जानकारी देते हुए बताया कि बैठक में सहायक पद के ग्रेड पे को लेकर हरियाणा सरकार द्वारा जारी आदेश पर विस्तार से चर्चा होगी, जिसे संघ गैरकानूनी मान रहा है। इस मुद्दे पर आगे की रणनीति और कार्रवाई का निर्णय भी लिया जाएगा। उन्होंने सभी कर्मचारियों से से अपील की है कि वे बैठक में उपस्थित होकर विचार अवश्य रखें।

### एलपीजी के लिए घंटों करना पड़ रहा इंतजार

**सांपला।** क्षेत्र में घरेलू गैस सप्लाई बाधित होने से ग्रामीणों को भारी परेशानी हो रही है। लोग सुबह 6 बजे से एजेंसी पर लाइन लगाकर दोपहर तक इंतजार कर रहे हैं। गांवों में सप्लाई बंद होने से दूर जाकर सिलेंडर लेना पड़ रहा है। बुजुर्ग और जरूरतमंद सबसे ज्यादा प्रभावित हैं। ग्रामीणों ने प्रशासन से जल्द नियमित सप्लाई बहाल करने की मांग की है।

### 'मकड़जाल' में फंसी पुलिसः 3 माह में 85 वारदात, 2 करोड़ ठगे, 10 लाख ही वापस आए

# साइबर फ्रॉड हाई-स्पीड पुलिस का नेटवर्क स्लो | रोज 1 केस, 47% आरोपी पकड़े, रिकवरी सिर्फ 5%

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

जिले में साइबर फ्रॉड हाई स्पीड हो गए हैं, जबकि पुलिस का नेटवर्क बेहद स्लो है। जनवरी से मार्च के बीच 85 ठगी के मामले दर्ज हुए हैं, जिनमें करीब 2 करोड़ रुपये की धोखाधड़ी सामने आई है। पुलिस ने 47 प्रतिशत यानी 40 आरोपियों को गिरफ्तार करने में सफलता जरूर हासिल की है, लेकिन रिकवरी महज 10 लाख रुपये ही हो पाई है, जो कुल ठगी का लगभग 5 प्रतिशत है। यही कारण है कि पुलिस के सामने सबसे बड़ी चुनौती अब ठगी गई रकम की वापसी बन गई है। हालात यह हैं कि शहर में औसतन हर दिन एक ठगी का मामला सामने आ रहा है। सोमवार को ही दो नए केस दर्ज हुए, जो साइबर अपराध के बदलते तरीकों और आम लोगों की बढ़ती परेशानी को उजागर करते हैं। एसपी सुरेंद्र भौरिया का कहना है कि अधिकांश मामलों में आरोपी फर्जी खातों, मोबाइल नंबरों और दूसरे राज्यों के नेटवर्क का इस्तेमाल करते हैं, जिससे रकम ट्रेस करना मुश्किल हो जाता है। वहीं, लोग भी अनजाने में लिंक पर क्लिक कर या निजी जानकारी साझा कर ठगी का शिकार हो रहे हैं।

### ठगी के मामलों में लगातार बढ़ोतरी

जिले में सबसे ज्यादा मामले फोन हैकिंग, फर्जी कॉल, ऑनलाइन ट्रेडिंग और सोशल मीडिया के जरिए ठगी के सामने आ रहे हैं। ठग खुद को बैंक अधिकारी, सरकारी एजेंसी या निवेश सलाहकार बताकर लोगों को जाल में फंसा रहे हैं। पुलिस लगातार जागरूकता अभियान चला रही है, लेकिन ठग नए-नए तरीके अपनाकर लोगों को निशाना बना रहे हैं।



एआई जेनरेटेड इमेज

### रुपये कई खातों में हो जाते हैं ट्रांसफर

पुलिस के सामने सबसे बड़ी समस्या ठगी गई रकम की रिकवरी है। अधिकतर मामलों में पैसे तुरंत कई खातों में ट्रांसफर कर दिए जाते हैं या निकाल लिए जाते हैं, जिससे उन्हें वापस लाना मुश्किल हो जाता है। तकनीकी जांच के बावजूद केवल 5 प्रतिशत रकम ही वापस लाई जा सकी है।

### फोन हैक कर खाते से निकाले 71 हजार

गांव बोहर निवासी दीपक के मोबाइल फोन को हैक कर साइबर ठगों ने उसके खाते से 71 हजार रुपये निकाल लिए। दीपक, जो एक व्यवसायी है और एसबीआई में उसका खाता है, नियमित रूप से गगुल पे का उपयोग करता था। पीड़ित के अनुसार, पिछले तीन महीनों में अलग-अलग तारीखों पर उसके खाते से पैसे निकलते रहे, लेकिन उसे इसकी जानकारी तब हुई जब 15 हजार रुपये निकलने का मैसेज आया। इसके बाद बैंक स्टेटमेंट निकलवाने पर पता चला कि 19 जनवरी से 2 मार्च के बीच कई ट्रांजेक्शन के जरिए कुल 71 हजार रुपये निकाले गए। दीपक ने अर्बन एस्टेट थाने में शिकायत दी है। जांच अधिकारी एएसआई विकास के अनुसार मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी गई है और जल्द ही आरोपियों को पकड़ने का प्रयास किया जा रहा है।

### रिटायर्ड प्रिंसिपल के साथ 10 लाख रुपये की धोखाधड़ी

शहर में एक रिटायर्ड प्रिंसिपल को ऑनलाइन ट्रेडिंग के नाम पर 10 लाख रुपये की ठगी का शिकार बनाया गया। पीड़ित ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म फेस पर एक तथाकथित सरकारी स्कीम से जुड़ी वीडियो देखी, जिसके बाद उसने लिंक पर क्लिक किया। इसके बाद ठगों ने संपर्क कर पहले 20,622 रुपये रजिस्ट्रेशन के नाम पर जमा करवाए। फिर पैन कार्ड की जानकारी लेकर ट्रेडिंग के नाम पर निवेश करवाया गया। आरोपी ने खाते में फर्जी मुनाफा और बोनस दिखाकर भरोसा जीत लिया। बाद में "अकाउंट लॉस" का हवाला देकर 5 लाख और फिर 5 लाख 8 हजार रुपये आरटीजीएस के जरिए ट्रांसफर करवा लिए। जब पीड़ित ने पैसे निकालने की कोशिश की, तो रकम नहीं निकली और ठगी का पता चला। पीड़ित ने 1930 हेल्पलाइन और साइबर थाने में शिकायत दर्ज करवाई है। जांच अधिकारी एएसआई प्रदीप के अनुसार आरोपियों के खातों और मोबाइल नंबरों को ट्रेस किया जा रहा है।



### सब्जी मंडी से 5.75 लाख लेकर भागा कारिंदा नेपाल बॉर्डर से काबू

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

सब्जी मंडी से आढ़ती के 5.75 लाख रुपये लेकर फरार हुए कारिंदे को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। ध्यान रहे कि गत 18 मार्च को उत्तर प्रदेश के बहराइच निवासी राजकुमार नामक कारिंदा आढ़ती की स्कूटर से 5.75 लाख रुपये लेकर फरार हो गया था। घटना के बाद मंडी में हड़कंप मच गया और पुलिस ने तुरंत कार्रवाई शुरू की।

मामले की जांच करते हुए सब्जी मंडी पुलिस चौकी स्टाफ ने 21 मार्च को आरोपी को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने आरोपी के कब्जे से तकरीबन 90 प्रतिशत रकम भी बरामद कर ली है, जिससे पीड़ित आढ़ती को बड़ी राहत मिली है। चेयरमैन चौधरी ने बताया कि आरोपी की गिरफ्तारी नेपाल बॉर्डर के पास से की गई, जहां वह भागने की फिराक में था। उन्होंने कहा कि पुलिस की तत्परता और सक्रियता के चलते यह संभव हो पाया है। उन्होंने बताया कि इस तरह की घटनाओं पर त्वरित कार्रवाई से व्यापारियों का भरोसा मजबूत होता है और मंडी में सुरक्षित माहौल बना रहता है। उन्होंने पुलिस टीम की सराहना करते हुए कहा कि भविष्य में भी इसी तरह अपराध पर अंकुश लगाने की उम्मीद है। इस मामले में सोमवार को मार्केटिंग कमेटी के चेयरमैन अशोक चौधरी ने पुलिस टीम का आभार व्यक्त किया है।

### मनै धार काढणी आवै सै... गुजरात के राज्यपाल ने मंच पर निकाला देसी गाय का दूध



- बहु अकबरपुर स्थित इंटरनेशनल इंस्टीच्यूट ऑफ वैटेनरी एजुकेशन एंड रिसर्च में हुए प्रथम इंटरनेशनल हरियाणा ब्रीड कैटल शो एंड एक्सपो 2026 में बतौर मुख्य अतिथि पहुंचे गुजरात के राज्यपाल आचार्य देवव्रत।
- उन्होंने देसी गाय पालन, आधुनिक तकनीक और प्राकृतिक खेती को अपनाने का संदेश देते हुए किसानों को आत्मनिर्भर और टिकाऊ कृषि की ओर बढ़ने के लिए प्रेरित किया।
- यही नहीं उन्होंने मंच पर देसी गाय का दूध निकालकर इसके फायदे भी बताए।

-समाचार पेज 10 पर

### मारपीट में घायल युवक की मौत, दो आरोपी गिरफ्तार

**रोहतक।** गांव चिड़ी में युवक के साथ हुई मारपीट के मामले में इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। पुलिस ने कार्रवाई करते हुए इस वारदात में शामिल दो आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है। गिरफ्तार आरोपियों को अदालत में पेश कर पुलिस रिमांड पर लिया गया है। जानकारी के अनुसार, 12 मार्च को गांव चिड़ी निवासी कृष्ण खेतों के पास गया हुआ था। इसी दौरान एक गाड़ी में सवार कुछ युवक वहां पहुंचे और उसकी गाड़ी के आगे अपनी गाड़ी लगाकर रास्ता रोक लिया। इसके बाद आरोपियों ने कृष्ण पर लाठी-डंडों से हमला कर दिया और मौके से फरार हो गए। घायल अवस्था में उसे अस्पताल में भर्ती करवाया गया, जहां 16 मार्च को उपचार के दौरान उसकी मौत हो गई। मामले में पहले मारपीट की धाराओं में केस दर्ज किया गया था, लेकिन युवक की मौत के बाद हत्या की धारा भी जोड़ दी गई। थाना लाखनमाजरा पुलिस ने जांच करते हुए 21 मार्च को मुख्य आरोपी मंजीत और 22 मार्च को दूसरे आरोपी अनिरुद्ध उर्फ अन्नु को गिरफ्तार किया। पुलिस के अनुसार, दोनों आरोपियों को रिमांड पर लेकर पूछताछ की जा रही है और मामले की गहन जांच जारी है।

# पीएनजी उपभोक्ताओं को एलपीजी कनेक्शन सरेंडर करने के निर्देश

- प्रशासन का दावा : एलपीजी गैस आपूर्ति पूरी तरह सामान्य

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रोहतक

जिले में रसोई गैस को लेकर बनी चिंता के बीच प्रशासन ने दावा किया है कि अब एलपीजी गैस आपूर्ति पूरी तरह सामान्य है और उपभोक्ताओं को किसी प्रकार की कमी का सामना नहीं करना पड़ रहा। गैस वितरण व्यवस्था पर लगातार निगरानी रखी जा रही है, ताकि हर उपभोक्ता को समय पर सिलेंडर मिल सके।

सोमवार को जिले की विभिन्न गैस एजेंसियों को 5346 एलपीजी सिलेंडर प्राप्त हुए, जिनमें से 5293 सिलेंडर उपभोक्ताओं को वितरित कर दिए गए। इसके अलावा 7730 सिलेंडरों का पर्याप्त स्टॉक भी उपलब्ध है।

प्रशासन का दावा है कि होम डिलीवरी व्यवस्था सुचारू रूप से जारी है और आपूर्ति श्रृंखला में कोई बाधा नहीं है। उपभोक्ताओं से अपील की गई है कि वे अनावश्यक गैस बुकिंग से बचें और अफवाहों पर ध्यान न दें। शहरी क्षेत्रों में 25 दिन और ग्रामीण क्षेत्रों में 45 दिन के बाद ही बुकिंग की जा रही है, ताकि सभी तक समान रूप से गैस पहुंच सके।

### गेल ने नोटिस जारी करने शुरू किए

इधर केंद्र सरकार के निर्देशों के तहत पीएनजी (पाइप्ड नेचुरल गैस) उपयोग करने वाले उपभोक्ताओं को अपने एलपीजी कनेक्शन सरेंडर करने के लिए कहा गया है। इस संबंध में गैस अथॉरिटी ऑफ इंडिया लिमिटेड (गेल) ने नोटिस जारी करने शुरू कर दिए हैं। रोहतक शहर में करीब 11,500 पीएनजी उपभोक्ता हैं, जिन पर इस फैसले का सीधा असर पड़ेगा। अधिकारियों का मानना है कि इस कदम से एलपीजी सिलेंडरों की उपलब्धता में और सुधार होगा तथा जरूरतमंद उपभोक्ताओं को राहत मिलेगी। वहीं, अधिकारियों ने गैस एजेंसियों पर सख्त नजर रखते हुए जमाखोरी और कालाबाजारी के खिलाफ कार्रवाई तेज कर दी है।

### शहर की 14 कॉलोनियों के 50 हजार से ज्यादा लोगों को होगा सीधा फायदा

# अगले माह पूरा हो जाएगा रेलवे एलिवेटेड ट्रैक के साथ सड़क निर्माण


21 करोड़ की लागत से बन रही 3.79 किलोमीटर लंबी सड़क

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

शहर के लोगों के लिए लंबे समय से प्रतीक्षित एलिवेटेड रेलवे ट्रैक के साथ सड़क निर्माण का कार्य आखिरकार अप्रैल में पूरा हाने जा रहा है। यह सड़क एक माह के भीतर तैयार कर आमजन के लिए खोल दी जाएगी, जिससे शहरवासियों को बड़ी राहत मिलने की उम्मीद है। करीब 21 करोड़ रुपये की लागत से बन रही यह सड़क 3790 मीटर लंबी और 5.5 मीटर चौड़ी होगी।

यह सड़क चिन्योट कॉलोनी से शुरू होकर सेक्टर-6 तक जाएगी और एलिवेटेड रेलवे ट्रैक के साथ-साथ विकसित की जा रही है। इस सड़क के निर्माण से न केवल यातायात व्यवस्था में सुधार होगा, बल्कि आसपास के क्षेत्रों के विकास को भी नई गति मिलेगी। सरकार और रेलवे विभाग ने मिलकर रोहतक-पानीपत रेलवे लाइन पर करीब 3.8 किलोमीटर लंबा एलिवेटेड रेलवे ट्रैक तैयार किया है, जिसकी लागत लगभग 315 करोड़ रुपये आई है। इस परियोजना में से 225 करोड़ रुपये राज्य सरकार द्वारा वहन किए गए हैं। अब इसी ट्रैक के साथ सड़क निर्माण से इस पूरे क्षेत्र की कनेक्टिविटी और अधिक मजबूत होगी।

नई सड़क बनने से शहर की 14 प्रमुख कॉलोनियों के करीब 50 हजार लोगों को सीधा लाभ मिलेगा। इनमें गांधी कैंप, झंग कॉलोनी, मानसरोवर कॉलोनी, सुभाष नगर, किशनपुरा, मॉडल टाउन, लक्ष्मी नगर, कबीर कॉलोनी, विशाल नगर, सेक्टर-5 और सेक्टर-6 सहित कई इलाके शामिल हैं। इन क्षेत्रों में न केवल आवागमन आसान होगा, बल्कि नए बाजारों के विकसित होने की भी संभावनाएं बढ़ जाएंगी, जिससे स्थानीय व्यापार को बढ़ावा मिलेगा।



### इन मार्गों को जोड़ने का भी करेगी काम

यह सड़क शहर के प्रमुख मार्गों को आपस में जोड़ने का काम भी करेगी। आउटर गोहाना बाइपास, बस स्टैंड रोड, सोनीपत रोड, दिल्ली रोड और झज्जर रोड के बीच कनेक्टिविटी बेहतर होने से ट्रैफिक का दबाव कम होगा और लोगों को लंबा चक्कर नहीं लगाना पड़ेगा। इस सड़क का निर्माण कार्य तेजी से किया जाएगा ताकि निर्धारित समयसीमा के भीतर इसे पूरा किया जा सके। यदि कार्य तय योजना के अनुसार चलता रहा, तो आने वाले एक महीने में यह सड़क शहरवासियों के लिए खोल दी जाएगी।

### जाम से भी मिलेगी मुक्ति

शहर के लोगों को इस परियोजना से काफी उम्मीदें हैं। लंबे समय से जाम और खराब कनेक्टिविटी की समस्या से जूझ रहे लोगों को अब राहत मिलने की उम्मीद जगी है। साथ ही, इस परियोजना को शहर के विकास की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम माना जा रहा है, जो रोहतक को आधुनिक बुनियादी ढांचे की ओर आगे बढ़ाएगा।

### तेजी से हो रहा काम

एक माह के अंदर कार्य पूरा कर लिया जाएगा। आमजन की परेशानियों को देखते हुए ही सड़क निर्माण तेजी से किया जा रहा है ताकि जल्द से जल्द आमजन को यह सुविधा मिले।

**अरुण कुमार,** कार्यकारी अभियंता, लोक निर्माण विभाग

# 17 कॉलोनियों में मरम्मत के लिए आज गुल रहेगी बिजली

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

शहर में बिजली मरम्मत कार्य के चलते मंगलवार को कई कॉलोनियों में बिजली आपूर्ति बाधित रहेगी। बिजली निगम द्वारा जारी शेड्यूल के अनुसार सुबह 10 बजे से दोपहर 2 बजे तक और सुबह 11 बजे से दोपहर 1 बजे तक अलग-अलग क्षेत्रों में कटौती की जाएगी। विभाग ने उपभोक्ताओं से सहयोग की अपील करते हुए कहा है कि यह कटौती जरूरी मरम्मत कार्य के लिए की जा रही है।

बताया गया है कि लाइन सुधार, रखरखाव और तकनीकी कार्यों के चलते यह अस्थायी बाधा रहेगी, ताकि भविष्य में निर्बाध बिजली आपूर्ति सुनिश्चित की जा सके। निगम ने लोगों से पहले से आवश्यक कार्य निपटाने की सलाह दी है।

### सुबह 11 से 1 बजे तक इन क्षेत्रों में कटौती

महिला आश्रम रोड, रामलीला ग्राउंड, मेडिकल मोड़, संजय कॉलोनी, रूप विहार, दरियाओ नगर, दिल्ली रोड, जवाहर नगर, प्रेम चौक, गांधी कैंप मार्किट का कुछ क्षेत्र, को-ऑपरेटिव बैंक क्षेत्र, गोहाना रोड, रेलवे लाइन, गुरुद्वारा क्षेत्र, डीएलएफ पार्क और अशोका चौक सहित कुल 17 कॉलोनियों में बिजली आपूर्ति बाधित रहेगी।

### सुबह 10 से 2 बजे तक यहां रहेगी कटौती

सेक्टर-2 और 3 के कुछ हिस्सों में सुबह 10 बजे से दोपहर 2 बजे तक बिजली आपूर्ति बंद रहेगी।







## बारिश से खेतों में बिछी फसल, शहर में सड़कों पर भरा पानी

**रोहतक।** जिले में सोमवार को हुई बारिश ने किसानों की परेशानी को बढ़ा दिया है। दिन की शुरूआत हल्की बारिश के साथ हुई। कई गावों में गेहूं की फसल खेतों में बिछ गई है, जिसके कारण किसानों को भारी नुकसान हुआ है। इसके अलावा खेतों में कटाई के उपरांत रखी सरसों की फसल भीगने से भी नुकसान का अंदेशा है। किसानों का कहना है कि बारिश से फसलों को भारी नुकसान हुआ है, ऐसे में उत्पादन कम होगा। आय तो दूर की बात है, लागत निकलनी भी मुश्किल है। अबकि बार फसल अच्छी थी, लेकिन अचानक बारिश और तेज हवाओं ने मेहनत पर पानी फेर दिया। जानकारों का कहना है कि गेहूं की फसल गिरने से दाना काला पड़ेगा, जिससे बेचने में परेशानी होगी। वहीं, सुबह के वक्त बूंदाबांदी के कारण ठंडक महसूस हुई तो दोपहर को तापमान 30 डिग्री पर पहुंच गया।

### खरीद प्रक्रिया शुरू होने के साथ ही लग गईं लंबी कतारें

# सरसों बेचने के लिए किसान का अंगूठा जरूरी, पर तैयारियां अधूरी

सांपला और महम मंडी में जरूरत मुताबिक बायोमेट्रिक डिवाइस उपलब्ध नहीं, रोहतक और कलानौर में हैं

- जरूरी बायोमेट्रिक मशीनों की भारी कमी, व्यवस्था कटघरे में

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक




जिले की अनाज मंडियों में सरसों खरीद को लेकर तैयारियों की पोल खुलती नजर आ रही है। एक ओर प्रशासन पारदर्शिता के नाम पर किसानों के लिए अंगूठा लगाकर गेट पास लेना अनिवार्य कर चुका है, वहीं दूसरी ओर जरूरी बायोमेट्रिक मशीनों की भारी कमी ने व्यवस्था को कटघरे में खड़ा कर दिया है। हालात ऐसे हैं कि जहां जरूरत 11 मशीनों की है, वहां महज 6 डिवाइस ही उपलब्ध कराई गई हैं। सबसे ज्यादा परेशानी सांपला और महम अनाज मंडियों में देखने को मिल रही है। दोनों मंडियों में किसानों की संख्या और आवक को देखते हुए 4-4 बायोमेट्रिक डिवाइस की जरूरत बताई गई थी, लेकिन अब तक यहां केवल एक-एक मशीन ही पहुंच पाई है। ऐसे में खरीद प्रक्रिया शुरू होने के साथ ही लंबी कतारें और अव्यवस्था तय मानी जा रही है। इसके विपरीत, कलानौर और रोहतक मंडी को उनकी मांग के अनुसार 2-2 मशीनें उपलब्ध कराई गई हैं, जिससे सवाल उठने लगे हैं कि वितरण में संतुलन क्यों नहीं रखा गया। किसानों और आढ़तियों का कहना है कि जिन मंडियों में सबसे ज्यादा दबाव रहता है, वहीं सबसे कम संसाधन भेजे गए हैं।

### बुजुर्ग किसानों को मुश्किल

हालांकि जमीनी हकीकत कुछ और ही कहानी बयां कर रही है। मंडियों में पर्याप्त मशीनें नहीं होने से किसानों को घंटों इंतजार करना पड़ सकता है। खासकर उन बुजुर्ग किसानों के लिए यह प्रक्रिया और भी मुश्किल हो सकती है, जिनके फिंगरप्रिंट मशीन में आसानी से दर्ज नहीं होते। आढ़तियों का कहना है कि यदि समय रहते मशीनों की संख्या नहीं बढ़ाई गई तो खरीद प्रक्रिया प्रभावित होगी और मंडियों में अव्यवस्था फैल सकती है। उन्होंने प्रशासन से मांग की है कि तुरंत प्रभाव से सभी मंडियों में पर्याप्त बायोमेट्रिक डिवाइस उपलब्ध कराई जाएं। अब देखना यह होगा कि प्रशासन इस गंभीर कमी को कितनी जल्दी दूर करता है। फिलहाल तो स्थिति यही संकेत दे रही है कि अंगूठा जरूरी है, लेकिन मशीन नदारद", और इसका खामियाजा सीधे किसानों को भुगतना पड़ सकता है।

### अंगूठा लगाकर गेट पास लेना अनिवार्य

सर्वविदित है कि सरसों बेचने के लिए किसानों को पहले मंडी गेट पर बायोमेट्रिक मशीन में अंगूठा लगाकर गेट पास लेना अनिवार्य किया गया है। बिना गेट पास के मंडी में प्रवेश नहीं मिलेगा और न ही फसल की खरीद हो सकेगी। इस नई व्यवस्था का किसानों द्वारा लगातार विरोध भी किया जा रहा है। उनका कहना है कि पहले से ही मौसम और लागत की मार झेल रहे किसान अब तकनीकी प्रक्रियाओं में उलझ जाएंगे। इसी मुद्दे पर रोहतक प्रशासन ने गत शनिवार को अधिकारियों की बैठक में स्पष्ट कर दिया कि खरीद प्रक्रिया में पारदर्शिता सुनिश्चित करने के लिए बायोमेट्रिक प्रणाली लागू रहेगी और किसानों को गेट पास के लिए अंगूठा लगाना ही होगा। प्रशासन का तर्क है कि इससे फर्जी खरीद पर रोक लगेगी और वास्तविक किसानों को ही लाभ मिलेगा।

## मां स्कंदमाता के दरबार में उमड़ी श्रद्धा भक्तों ने श्रद्धा भाव से मांगी सुख-समृद्धि



**रोहतक।** चैत्र नवरात्र के पावन अवसर पर माता दरवाजा स्थित संकट मोचन मंदिर में सोमवार को मां दुर्गा के पांचवें स्वरूप स्कंदमाता की पूजा-अर्चना श्रद्धा और उत्साह के साथ की गई। सुबह से ही बड़ी संख्या में श्रद्धालु मंदिर पहुंचे और मां के दरबार में माथा टेककर सुख-समृद्धि, शांति, दीर्घायु और खुशहाली की कामना की। मंदिर के सचिव गुलशन भाटिया ने बताया कि शाम को श्री दुर्गा स्तुति पाठ, सत्संग, भजन और कीर्तन का आयोजन किया गया। इस अवसर पर गद्दीनशीन साध्वी मानेश्वरी देवी ने मां स्कंदमाता की महिमा और भक्ति पर विस्तार से प्रकाश डाला। साध्वी मानेश्वरी देवी ने कहा कि मां स्कंदमाता की भक्ति से जीवन में सुख-शांति आती है और निःसंतान दंपत्तियों को संतान प्राप्ति का आशीर्वाद मिलता है। उन्होंने बताया कि मां की चार भुजाएं हैं, जिनमें कमल के पुष्प और पुत्र स्कंद विराजमान हैं, तथा उनका वाहन सिंह है। उन्होंने भक्तों को संदेश देते हुए कहा कि सच्ची भक्ति वही है, जिसमें व्यक्ति अपने अंदर के काम, क्रोध, लोभ और अहंकार का त्याग करे। उन्होंने नारी सम्मान पर जोर देते हुए कहा कि जिस घर में महिलाओं का सम्मान होता है, वहां सुख-समृद्धि और मां लक्ष्मी की कृपा बनी रहती है। कार्यक्रम के दौरान श्रद्धालुओं ने परिवार सहित अखंड ज्योत के दर्शन किए और मां के प्रति अपनी आस्था प्रकट की।

# भादरा से दिल्ली एयरपोर्ट पर जा रहे व्यापारी की कार फ्लाईओवर से नीचे गिरी, बाल-बाल बचे

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महम

सोमवार सुबह दिल्ली-हिसार राष्ट्रीय राजमार्ग 9 पर महम में बाइपास पर एक ऐसा दर्दनाक सड़क हादसा हुआ जिसको देखकर सबकी रुह कांप गई। राजस्थान के भादरा निवासी सुरजीत सिंह अपनी कार से दिल्ली एयरपोर्ट पर जा रहा था। इसी दौरान बारिश व बूंदाबांदी चली रही थी। करीब 7 बजे जब वह महम बाइपास पर भिवानी रोड फ्लाईओवर पर पहुंचा तो सामने से आ रहे ट्रक के टायरों से गड्ढों का पानी उछलकर कार के फ्रंट शीशे पर गिर गया। गंदा पानी गिरते ही सुरजीत सिंह को कुछ दिखाई नहीं दिया। उसने तुरंत कार के ब्रेक लगाए। ब्रेक लगते ही कार का संतुलन बिगड़ गया और कार डिवाइडर से टकराते हुए उछलकर भिवानी महम मार्ग के पास सड़क पर ओंधे मुंह गिरी। हादसा इतना भीषण था कि कार को सड़क पर पड़े हुए देखकर किसी को उम्मीद नहीं थी कि कार चालक या कार सवार बचे होंगे। लेकिन गनीमत रही कि कार चालक को हादसे के बाद राहगीरों ने उसे कार से सुरक्षित बाहर निकाल लिया। उपचार के लिए उसे महम के नागरिक अस्पताल में ले जाया गया। जहां प्राथमिक उपचार के बाद उसे छुट्टी दे दी गई। कार चालक ने इसकी सूचना परिजनों को दी। सूचना के बाद परिजन दुर्घटनास्थल पर पहुंचे। सुरजीत सिंह ने बताया कि व मार्बल का व्यापारी है और आज व्यापार के सिलसिले में वह अकेला राजस्थान के भादरा से हैदराबाद जा रहा था। उसे दिल्ली एयरपोर्ट से फ्लाइट पकड़नी थी। लेकिन उससे पहले ही महम में यह हादसा हो गया। व्यापारी ने बताया कि शायद उसकी किस्मत अच्छी थी, जो वह इतनी भीषण हादसे के बाद भी बच गया। दूसरा उसकी कार कीया कार्निवाल महंगी गाड़ी थी। कार 7 सीटर है और उसकी कीमत करीब 80 लाख रुपए है। गाड़ी मजबूत और सुरक्षित होना भी एक वजह रही होगी।



**महम।** एनएच 9 पर भिवानी रोड पर फ्लाईओवर से नीचे सड़क पर आंधे मुंह पड़ी व्यापारी की कार। फोटो : हरिभूमि

## खबर संक्षेप



### किसानों को तुरंत मिले मुआवजाः हुड्डा

**रोहतक।** पूर्व मुख्यमंत्री और नेता प्रतिपक्ष भूपेंद्र सिंह हुड्डा ने बीजेपी सरकार पर तीखा हमला बोलते हुए कहा कि हर क्षेत्र में हरियाणा पिछड़ता जा रहा है। उन्होंने विभिन्न रिपोर्ट्स का हवाला देते हुए दावा किया कि प्रदेश की स्थिति लगातार गिर रही है। हुड्डा ने कहा कि सोशल प्रोग्रेस इंडेक्स में हरियाणा को सबसे असुरक्षित राज्यों में गिना गया है, जबकि इंडिया जस्टिस रिपोर्ट के अनुसार पुलिस की रैंकिंग 8वें स्थान से गिरकर 14वें स्थान पर पहुंच गई है। पिछले तीन वर्षों में भ्रष्टाचार के मामलों में 187प्रतिशत की बढ़ोतरी हुई है।शिक्षा के क्षेत्र पर भी चिंता जताते हुए उन्होंने कहा कि एमआईआरएफ की रैंकिंग में हरियाणा की कोई भी यूनिवर्सिटी टॉप-100 में शामिल नहीं है।



### निर्विरोध चुने जा सकते हैं उपचुनाव में पंच

**रोहतक।** जिले में पंचायत उपचुनाव की तैयारियां अब अंतिम मोड़ पर पहुंच चुकी हैं। राज्य निर्वाचन आयोग द्वारा जारी कार्यक्रम के अनुसार 27 मार्च को मतदाता सूची का अंतिम प्रकाशन किया जाएगा। इसके साथ ही 11 रिक्त पंच पदों पर चुनाव की उलटी गिनती शुरू हो जाएगी। प्रशासनिक स्तर पर तैयारियां लगभग पूरी कर ली गई हैं और उम्मीद है कि प्रशासन के सामने चुनाव कराने की नौबत ही नहीं आएगी। जिले की विभिन्न पंचायतों में पंचों के 11 पद लंबे समय से खाली पड़े हैं, जिसके कारण स्थानीय स्तर पर कई विकास कार्य प्रभावित हुए हैं। ग्रामीणों को छोटी-छोटी समस्याओं के समाधान के लिए भी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा था। अब उपचुनाव की प्रक्रिया शुरू होने से गांवों में नई उम्मीद जगी है। संभावित उम्मीदवारों ने भी सक्रियता बढ़ा दी है और अपने-अपने स्तर पर समर्थन जुटाने में लगे हुए हैं। निर्वाचन विभाग के अनुसार मतदाता सूची के प्रारूप प्रकाशन के बाद प्राप्त दावों और आपत्तियों का निपटारा लगभग पूरा कर लिया गया है।

### अमर शहीदों को अर्पित की श्रद्धांजलि



**सांपला।** अमर शहीद भगत सिंह, सुखदेव और राजगुरु के शहादत दिवस पर क्षेत्रभर में उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की गई। इस अवसर पर विभिन्न सामाजिक एवं राजनीतिक संगठनों ने अलग-अलग स्थानों पर कार्यक्रम आयोजित कर शहीदों को नमन किया। कस्बे में समाजसेवी पार्षद अंकित ओहलायन ने अपने समर्थकों के साथ शहीद रायसिंह स्मारक पर पहुंचकर पुष्प अर्पित किए और शहीदों के बलिदान को याद किया। उन्होंने इस दौरान कारगिल युद्ध और पुलवामा हमले में शहीद हुए जवानों को भी श्रद्धांजलि दी और उनके योगदान को देश के लिए प्रेरणादायक बताया। वहीं भैंसरू खुर्द गांव में सरपंच पुनीत कुमार के नेतृत्व में ग्रामीणों ने गांव के अड्डे पर स्थापित शहीदों की प्रतिमाओं पर माल्यार्पण कर उन्हें याद किया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में ग्रामीण मौजूद रहे।

### एमडीयू की डॉ. निधि को 14 लाख और डॉ. वनिता को सात लाख की शोध परियोजना हुई स्वीकृत

**रोहतक।** महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय के सेंटर फॉर प्रोफेशनल एंड एलाइड स्टडीज (सीपास) गुरुग्राम की प्राध्यापक डॉ. निधि को 14 लाख की तथा शिक्षा विभाग की डॉ. वनिता रोज को 7 लाख रुपये की शोध परियोजना स्वीकृत हुई है। हरियाणा स्टेट हायर एजुकेशन काउंसिल (एचएसएचईसी) द्वारा इन शोध परियोजनाओं को स्वीकृत किया गया है। डॉ. निधि को मिली शोध परियोजना में वे प्रधान अन्वेषक के रूप में कार्य करेंगी, जबकि एमडीयू के इंस्टिट्यूट ऑफ होटल एंड टूरिज्म मैनेजमेंट के प्रो. संदीप मलिक तथा शिक्षा विभागाध्यक्ष डॉ. माधुरी हुड्डा सह-प्रधान अन्वेषक के रूप में सहयोग देंगी। हरियाणा में युवाओं का कौशल विकास और रोजगारयोग्यता विषय पर आधारित यह शोध प्रदेश में कौशल विकास पहलों की प्रभावशीलता का मूल्यांकन करेगा। साथ ही उद्योग एवं बाजार की बदलती जरूरतों के अनुरूप युवाओं के कौशल प्रशिक्षण और रोजगार के अवसरों के बीच सामंजस्य स्थापित करने पर विशेष फोकस रहेगा।

## शहीदों के आदर्शों पर चलें : कुलपति

- शहीदों के त्याग, साहस व राष्ट्र प्रेम से प्रेरणा लें

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक



शहीदी दिवस के अवसर पर महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय (एमडीयू) में देश के अमर शहीदों को भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की गई। स्टूडेंट्स एक्टिविटी सेंटर में आयोजित पुष्पांजलि समारोह में विश्वविद्यालय के अधिकारियों, शिक्षकों, शोधार्थियों और विद्यार्थियों ने भाग लेकर देशभक्ति का संदेश दिया। कार्यक्रम की शुरुआत गेट नंबर-1 स्थित शहीदी स्मारक पर कुलपति प्रो. सोमनाथ सचदेवा, डीन एकेडमिक अफेयर्स प्रो. एससी मलिक और रजिस्ट्रार डॉ. कृष्णकांत समेत एमडीयू समुदाय ने पुष्प अर्पित कर की। इसके बाद स्टूडेंट्स एक्टिविटी सेंटर में शहीद-ए-आजम भगत सिंह, राजगुरु और सुखदेव के चित्रों पर माल्यार्पण कर उन्हें नमन किया गया। कुलपति प्रो. सोमनाथ सचदेवा ने कहा कि शहीदों का बलिदान हमें राष्ट्र के प्रति समर्पण, साहस और कर्तव्यनिष्ठा की प्रेरणा देता है। उन्होंने विद्यार्थियों से आह्वान किया कि वे इन महान क्रांतिकारियों के आदर्शों को अपने जीवन में अपनाएं और देश के विकास में सक्रिय योगदान दें। उन्होंने कहा कि युवा पीढ़ी को शहीदों के त्याग, साहस और राष्ट्र प्रेम से प्रेरणा लेकर अपने कर्तव्यों का ईमानदारी से पालन करना चाहिए।

## डॉ. राजवंती शर्मा बनीं प्रिंसिपल्स एसोसिएशन की प्रदेश महासचिव

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बहादुरगढ़

शहर के वैश्य आर्य कन्या महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ. राजवंती शर्मा को प्रिंसिपल्स एसोसिएशन गवर्नमेंट एडिड कॉलेज ऑफ हरियाणा की निर्विरोध महासचिव चुना गया है। शाहबाद में हुई प्राचार्य यूनियन की बैठक में सर्वसम्मति से डॉ. राजवंती शर्मा को महासचिव, डॉ. विक्रमजीत चहल को प्रधान, डॉ. राजपाल को उप प्रधान व डॉ. राकेश संधु को कोषाध्यक्ष चुना गया है। डॉ. राजवंती शर्मा ने कहा कि संगठन द्वारा दिए गए इस दायित्व को वे पूर्ण निष्ठा व ईमानदारी से निभाएंगी। शिक्षा के क्षेत्र में सकारात्मक बदलाव लाने के लिए सदैव प्रयासरत रहेंगी। उन्होंने कहा कि एडिड कॉलेज गुणवता पूर्ण शिक्षा उपलब्ध कराने के लिए कृतसंकल्प हैं। उनकी इस उपलब्धि पर सुजाता वर्मा, डॉ. कुसुम, डॉ. शालू शर्मा, डॉ मंजीत, डॉ. नेहा नैन, प्रवेश दहिया व डॉ. कविता समेत कॉलेज स्टाफ ने प्रसन्नता व्यक्त करते हुए उन्हें हार्दिक बधाई दी और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। कॉलेज प्रबंधन समिति ने भी उनकी इस उपलब्धि पर हर्ष व्यक्त करते हुए कहा कि उनके कुशल नेतृत्व में महाविद्यालय ने शिक्षा, अनुशासन एवं सांस्कृतिक गतिविधियों के क्षेत्र में उल्लेखनीय उपलब्धियां हासिल की हैं।



**बहादुरगढ़।** डॉ. राजवंती शर्मा को बधाई देते अन्य कॉलेज के प्रिंसिपल। *फोटो : हरिभूमि*

**आह्वान** गुजरात के राज्यपाल ने मंच पर देसी गाय का दूध निकालकर किसानों को प्रेरित किया

# देसी गायों की संख्या बढ़े , तभी सुधरेगा स्वास्थ्य और जमीन : देवव्रत

- प्राकृतिक खेती से उत्पादन लागत घटेगी, आय बढ़ेगी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

आचार्य देवव्रत ने कहा कि बेहतर स्वास्थ्य और कृषि भूमि की उर्वरता बनाए रखने के लिए देसी नस्ल की गायों की संख्या बढ़ाना समय की जरूरत है। वे रोहतक के बहु अकबरपुर स्थित इंटरनेशनल इंस्टीच्यूट ऑफ वैटेनरी एजुकेशन एंड रिसर्च में आयोजित प्रथम इंटरनेशनल हरियाणा ब्रीड कैटल शो एंड एक्सपो 2026 में बतौर मुख्य अतिथि पशुपालकों को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि देसी गाय का दूध मानव स्वास्थ्य के लिए किसी वरदान से कम नहीं है। उन्होंने बताया कि ऑस्ट्रेलिया और न्यूजीलैंड के वैज्ञानिकों द्वारा किए गए शोध में यह सामने आया है कि देसी नस्ल की गाय का दूध शरीर को मजबूत बनाने के साथ-साथ मानसिक क्षमता को भी बढ़ाता है, जबकि विदेशी नस्ल की गायों का दूध कई बीमारियों को बढ़ावा दे सकता है।

### आधुनिक तकनीकों को अपनाना होगा

गवर्नर ने पशुपालकों और युवा किसानों से अपील करते हुए कहा कि देसी नस्ल की गायों की संख्या तेजी से बढ़ाने के लिए आधुनिक तकनीकों को अपनाना होगा। एम्ब्रियो ट्रांसफर तकनीक (भ्रूण प्रत्यारोपण) का जिक्र करते हुए उन्होंने बताया कि इस तकनीक के जरिए एक उच्च गुणवत्ता वाली देसी गाय से कई बेहतर नस्ल की गायें तैयार की जा सकती हैं। इससे कम समय में दूध उत्पादन बढ़ाने के साथ-साथ नस्ल सुधार भी संभव होगा। उन्होंने दावा किया कि इस तकनीक से तैयार गायें प्रतिदिन 20 से 22 किलोग्राम तक दूध देने में सक्षम हो सकती हैं। देवव्रत ने रासायनिक खादों के अत्यधिक उपयोग पर चिंता जताते हुए कहा कि इसके कारण कृषि भूमि की उर्वरता लगातार घट रही है।

### प्राकृतिक खेती समय की मांग

कार्यक्रम में कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री श्याम सिंह राणा ने किसानों से प्राकृतिक खेती अपनाने का आह्वान करते हुए कहा कि यह समय की मांग है। उन्होंने कहा कि प्राकृतिक खेती से उत्पादन लागत घटेगी, आय बढ़ेगी और भूमि की उर्वरता में सुधार होगा। मंत्री ने कहा कि देशी गाय प्राकृतिक खेती की आधारशिला है, इसलिए सरकार द्वारा देशी गाय पालन पर 30 हजार रुपये की सब्सिडी दी जा रही है। साथ ही ऑर्गेनिक खेती को बढ़ावा देने के लिए किसानों को 10 हजार रुपये की प्रोत्साहन राशि प्रदान की जा रही है। उन्होंने बताया कि कम पानी वाली फसलों को बढ़ावा देने के लिए 8 हजार रुपये प्रति एकड़ की सहायता दी जा रही है, जिससे जल संरक्षण भी सुनिश्चित होगा। उन्होंने किसानों को फव्वारा सिंचाई पद्धति अपनाने की सलाह देते हुए कहा कि इससे पानी की बचत के साथ उत्पादन लागत भी कम होगी।



**रोहतक।** आयोजित कार्यक्रम में गुजरात के राज्यपाल आचार्य देवव्रत को स्मृति चिन्ह देते संस्थान के अध्यक्ष भूपेंद्र मलिक,उद्योगपति राजेश जैन व अन्य पशुपालक। फोटो : हरिभूमि

### 48 घंटे के भीतर भुगतान सीधे किसानों के खातों में

मंत्री राणा ने बताया कि हरियाणा में अधिकतर फसलों की खरीद न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) पर की जा रही है और फसल की लिफ्टिंग के 48 घंटे के भीतर भुगतान सीधे किसानों के खातों में किया जा रहा है। नरेंद्र मोदी के प्राकृतिक खेती को बढ़ावा देने के प्रयासों का उल्लेख करते हुए उन्होंने कहा कि रसायनयुक्त खेती से स्वास्थ्य पर नकारात्मक प्रभाव पड़ रहा है, इसलिए किसानों को अब टिकाऊ खेती की ओर बढ़ना होगा। विभिन्न राज्यों से आए पशुओं का प्रदर्शन किया गया। , जिसमें पशुपालकों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। कार्यक्रम में मेयर राम अवतार वाल्मीकि, गौ सेवा आयोग के अध्यक्ष सरवन गर्ग, संस्थान के अध्यक्ष भूपेंद्र मलिक, संपूर्ण सिंह, उद्योगपति राजेश जैन, राजबाला मलिक, रेणुका सांगवान सहित बड़ी संख्या में पशुपालक किसान मौजूद रहे।

खबर संक्षेप

## राज्यसभा चुनाव में कांग्रेस की नैतिक हार : शमशेर



**महम।** भाजपा के प्रदेश मीडिया सह-प्रभारी शमशेर सिंह खरक ने हरियाणा राज्यसभा चुनाव को लेकर कांग्रेस पर तीखा हमला बोलते हुए कहा कि कर्मबीर बौद्ध राज्यसभा के लिए मात्र पॉइंटों में चुना जाना कांग्रेस की जीत नहीं, बल्कि उसकी अंदरूनी कलह और कमजोर नेतृत्व का स्पष्ट प्रमाण है। खरक ने कहा कि 37 विधायकों की ताकत होने के बावजूद कांग्रेस जिस तरह रेंगते हुए जीत तक पहुंची। यह घटनाक्रम दर्शाता है कि पार्टी के भीतर भरोसे का संकट गहरा चुका है। उन्होंने कहा कि अपने ही विधायकों पर नियंत्रण न होना कांग्रेस नेतृत्व की सबसे बड़ी कमजोरी बनकर उभरी है। चुनाव में कांग्रेस की नैतिक हार हुई है।

## गैस सप्लाई ठप, घंटों करना पड़ रहा इंतजार

**सांपला।** ग्रामीण क्षेत्र में घरेलू गैस की सप्लाई बाधित होने के कारण उपभोक्ताओं को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। गैस एजेंसी पर सुबह 6 बजे से ही लंबी कतारें लगनी शुरू हो जाती हैं, जो दोपहर करीब 2 बजे तक बनी रहती हैं। कई उपभोक्ताओं को घंटों इंतजार करने के बाद ही गैस सिलेंडर मिल पा रहा है। ग्रामीणों का कहना है कि गांवों में गैस की नियमित सप्लाई बंद होने के कारण स्थिति और भी गंभीर हो गई है। इलाके में घरेलू गैस को लेकर मारामारी जैसी स्थिति बनी हुई है। लोगों को मजबूरी में दूर स्थित एजेंसी तक पहुंचकर सिलेंडर लेना पड़ रहा है।

### मानसी प्रोफेशनल बॉक्सिंग में देश की नंबर वन मुक्केबाज बनीं

# विराट स्पोर्ट्स प्रमोशन फाइट नाइट में भारती और मानसी ने जीता खिताब

हरिभूमि न्यूज ▸▸| रोहतक

प्रोफेशनल बॉक्सिंग में विराट स्पोर्ट्स प्रमोशन फाइट नाइट में जिले की खिलाड़ियों ने शानदार प्रदर्शन किया। इसमें भारती और मानसी उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए टाइटल अपने नाम किया। यह प्रतियोगिता 22 मार्च को टोहाना में आयोजित की गई। मानसी प्रोफेशनल बॉक्सिंग में देश की नंबर एक की बॉक्सर है। कोच चीनू ने विजेता खिलाड़ियों को बधाई दी। उन्होंने आगे भी शानदार प्रदर्शन करने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने बताया कि इससे पहले भी दोनों खिलाड़ियों ने शानदार प्रदर्शन करके जिले का नाम रोशन किया है।

हाल ही में 15 फरवरी को अपनी दूसरी प्रोफेशनल फाइट जीतकर मानसी देश की नंबर-1 बॉक्सर बनी थी। वर्तमान में मानसी एमेच्योर बॉक्सिंग और प्रोफेशनल बॉक्सिंग दोनों खेल रही है। प्रोफेशनल बॉक्सिंग सितंबर 2025 में शुरू की थी। मानसी के पिता धर्मेंद्र एक किसान हैं। एक साधारण पृष्ठभूमि से आने वाली मानसी के परिवार में पहले कभी कोई खेल में नहीं रहा। बॉक्सिंग का जुनून उन्हें स्कूल के टीचर से मिला, जिन्हें देखकर उन्होंने रिंग में उतरने का फैसला किया। आर्थिक तंगियों के बावजूद पिता ने कभी मानसी के हौसले को टूटने नहीं दिया और हमेशा तू खेल सकती है कहकर उसका साहस बढ़ाया।



भारती।



मानसी।

### प्रोफेशनल बॉक्सिंग में धमाकेदार शुरुआत

मानसी ने सितंबर 2025 में प्रोफेशनल बॉक्सिंग की दुनिया में कदम रखा। केवल 5 महीनों के भीतर उन्होंने दो बड़ी फाइट लड़ी और दोनों में जीत हासिल की। उनकी इसी मेहनत का नतीजा है कि आज वे राष्ट्रीय रैंकिंग में शीर्ष पर हैं। मानसी ने कहा कि मेरी सफलता का पूरा श्रेय मेरे परिवार के अटूट विश्वास और मेरे कोच चीनू के मार्गदर्शन को जाता है। गाँव की अकादमी में अभ्यास करते हुए मैंने जो सीखा, उसी ने मुझे इस मुकाम तक पहुँचाया है।



## नेशनल बॉक्सिंग प्रतियोगिता में लक्ष्य बुधवार ने जीता कांस्य

**रोहतक।** नेशनल बॉक्सिंग प्रतियोगिता में लक्ष्य बुधवार ने शानदार प्रदर्शन करते हुए कांस्य पदक जीता। यह प्रतियोगिता आंधप्रदेश में आयोजित की गई। लक्ष्य जिले के गांव सुनारिया का निवासी है। कोच चीनू ने विजेता खिलाड़ी को बधाई दी। उन्होंने आगे भी शानदार प्रदर्शन करने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने बताया कि इससे पहले भी लक्ष्य ने शानदार प्रदर्शन करके जिले का नाम रोशन किया है। लक्ष्य की जीत से उनके परिवार में खुशी का माहौल है।

## जिया अहलावत ने कांस्य पदक जीता



**रोहतक।** आईबी स्कूल में आयोजित एक दिवसीय बॉक्सिंग प्रतियोगिता में जिया अहलावत ने उत्कृष्ट प्रदर्शन कर कांस्य पदक हासिल किया। जिया ने अपने से सीनियर वेट कैटेगरी के खिलाड़ियों के साथ मुकाबला कर यह उपलब्धि प्राप्त की। जिया के शानदार प्रदर्शन से स्कूल और परिवार में खुशी का माहौल है। सफलता का श्रेय जिया ने कोच नवीन खोखर और अभिभावकों को दिया। उन्होंने कहा कि कोच के मार्गदर्शन और परिवार के सहयोग के बिना यह उपलब्धि संभव नहीं थी।

## साईं प्रीमियर लीगः नोबल हेल्थ सिटी स्टार्स की जीत, गोयनका वॉरियर्स को 6 विकेट से हराया

**रोहतक।** भिवानी रोड स्थित 22 याड्‌र्स क्रिकेट ग्राउंड पर खेले जा रहे साईं प्रीमियर लीग के 14वें मैच में नोबल हेल्थ सिटी स्टार्स ने एकतरफा प्रदर्शन करते हुए गोयनका वॉरियर्स को 6 विकेट से हरा दिया। टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी करने उतरी सिटी स्टार्स की टीम ने सटीक लाइन-लेंथ के दम पर गोयनका वॉरियर्स को मात्र 19.2 ओवर में 98 रन पर समेट दिया। गोयनका वॉरियर्स के लिए रमेश लाला (23) और मौसम खत्री (19) ने संघर्ष किया, लेकिन सिटी स्टार्स के गेंदबाजों के आगे टिक नहीं सके। संजू पांचाल ने 24 रन देकर 3 विकेट लिए, जबकि जे.डी. ने 12 रन देकर 2 महत्वपूर्ण सफलताएं हासिल कीं। 99 रनों के लक्ष्य का पीछा करने उतरी नोबल हैल्थ सिटी स्टार्स ने 16.2 ओवर में 4 विकेट खोकर 102 रन बना लिए। संचित कादियान ने संयम के साथ बल्लेबाजी करते हुए 38 रन बनाए और नाबाद रहे। नीरज कौशिक ने भी 34 रनों की आतिशी पारी खेली।

## पंडित दीनदयाल उपाध्याय प्रशिक्षण महाअभियान के तहत हुई कार्यशाला

रोहतक। पंडित दीनदयाल उपाध्याय प्रशिक्षण महाअभियान के अंतर्गत सुण्डाना मंडल के गांव जेठपुर में 22 व 23 मार्च को दो दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ जिलाध्यक्ष रणबीर ढाका द्वारा दीप प्रज्वलित कर किया गया। पहले दिन आयोजित सत्र में जिलाध्यक्ष रणबीर ढाका, डॉ. अशोक रंगा, डॉ. दिनेश घिलौड़, पूर्व सीनियर डिप्टी मेयर राजू सहगल और अजय खुंडिया मुख्य वक्ता के रूप में उपस्थित रहे। उन्होंने भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ताओं को संगठन की नीतियों, और कार्यशैली के बारे में विस्तार से जानकारी दी।

### जनसेवा के कार्यों में सक्रिय भूमिका निभाने का आह्वान

*दूसरे दिन पूर्व जिला अध्यक्ष रमेश भाटिया, ज्योत्सना रोहिल्ला, अजय शर्मा, मंडल प्रभारी हरीश कौशिक, मंडल अध्यक्ष भूप सिंह, मंडल उपाध्यक्ष सरपंच भगवत दयाल शर्मा और सुनील ने अपने विचार रखे और कार्यकर्ताओं को संगठनात्मक मजबूती पर जोर दिया। कार्यशाला में बड़ी संख्या में भाजपा कार्यकर्ताओं ने भाग लेकर प्रशिक्षण प्राप्त किया। वक्ताओं ने कार्यकर्ताओं से संगठन को मजबूत बनाने और जनसेवा के कार्यों में सक्रिय भूमिका निभाने का आह्वान किया।*

# एचडी पब्लिक स्कूल में नन्हे सितारों ने बिखेरा रंग

■ धूमधाम से मनाया वार्षिक परीक्षा परिणाम उत्सव

हरिभूमि न्यूज ▸▸| रोहतक

एचडी पब्लिक स्कूल में नर्सरी, एलकेजी, यूकेजी तथा कक्षा प्रथम और द्वितीय के विद्यार्थियों का वार्षिक परीक्षा परिणाम उत्सव बड़े ही धूमधाम और उत्साह के साथ आयोजित किया गया। कार्यक्रम में बच्चों की प्रतिभा, अभिभावकों का गर्व और विद्यालय का शैक्षिक वातावरण देखने लायक रहा। कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्वलन के साथ हुआ। इसके बाद नन्हे विद्यार्थियों ने भावपूर्ण सरस्वती वंदना प्रस्तुत कर सभी का मन मोह लिया। बच्चों की रंगारंग प्रस्तुतियां कार्यक्रम का मुख्य आकर्षण रहीं। रिद्धि बल्हारा ने हरियाणवी नृत्य से सभी को मंत्रमुग्ध किया, वहीं रिद्धि बल्हारा, मौसंबी, ललाईबी और कृतिका ने सामूहिक रूप से मणिपुरी नृत्य प्रस्तुत कर खूब तालियां बटोरीं। परीक्षा परिणाम घोषित होने के बाद पुरस्कार वितरण समारोह आयोजित किया। सभी बच्चों को प्रोत्साहन स्वरूप उपहार दिए गए, जबकि कक्षा प्रथम और द्वितीय के मेधावी छात्रों को विशेष सम्मान दिया गया।




### मोमेंटो प्रदान किए

*प्रथम स्थान प्राप्त करने वालों को बुक सेट तथा द्वितीय व तृतीय स्थान पर रहने वाले छात्रों को मोमेंटो प्रदान किए गए। लोटस, लिली, जैस्मिन और ट्यूलिप हाउस के विद्यार्थियों ने भी उत्कृष्ट प्रदर्शन किया।विद्यालय के निदेशक सुरेंद्र सिंह फौगाट ने कहा कि यह परिणाम केवल अंक नहीं, बल्कि बच्चों के सर्वांगीण विकास का प्रतीक है। उन्होंने अभिभावकों के सहयोग की सराहना करते हुए बच्चों के उज्ज्वल भविष्य की कामना की। कार्यक्रम हर्षोल्लास और प्रेरणादायक वातावरण के साथ संपन्न हुआ।*

*सभी शिक्षकों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया*

# तनिष्क ज्वेलर्स व जीडी गोयनका स्कूल के शिक्षकों का भव्य गेट-टुगेदर आयोजित

हरिभूमि न्यूज ▸▸| रोहतक

शहर में तनिष्क और जीडी गोयनका इंटरनेशनल स्कूल के शिक्षकों के बीच एक भव्य गेट-टुगेदर का आयोजन किया गया, जो यादगार और उत्साहपूर्ण रहा। इस कार्यक्रम का उद्देश्य शिक्षकों के साथ सौहार्दपूर्ण संबंध स्थापित करना और उनके योगदान का सम्मान करना था। कार्यक्रम में विद्यालय के शिक्षकों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। आयोजन के दौरान तनिष्क ज्वेलर्स की ओर से रोचक गेम्स, इंटरैक्टिव सेशन्स और मनोरंजक गतिविधियों का आयोजन किया गया, जिनमें सभी ने उत्साहपूर्वक हिस्सा लिया। साथ ही स्वादिष्ट स्नैक्स की भी विशेष व्यवस्था की गई, जिसका शिक्षकों ने आनंद लिया। पूरे आयोजन में खुशी, हंसी और आपसी संवाद का माहौल देखने को मिला। इस अवसर पर विद्यालय के निदेशक विक्रांत मायना एवं सान्या मायना, सहायक निदेशक हिमांशु गुप्ता, उप-प्रधानाचार्य अमन अग्रवाल और हेडमिस्ट्रेस अनामिका बलहारा ने अपने संबोधन में शिक्षकों की मेहनत और समर्पण की सराहना की। उन्होंने कहा कि ऐसे कार्यक्रम आपसी संबंधों को मजबूत करने का सशक्त माध्यम होते हैं। शिक्षकों ने भी अपने अनुभव साझा करते हुए इस पहल को प्रेरणादायक बताया। तनिष्क के प्रतिनिधियों ने भविष्य में भी ऐसे आयोजनों की इच्छा जताई।



## डॉ. रितु ने शोध प्रस्तुति से बढ़ाया विवि का मान

**रोहतक।** महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय के आनुवंशिकी विभाग की प्राध्यापिका डॉ. रितु यादव ने वर्ल्ड कैंसर कांग्रेस 2026 में अपने महत्वपूर्ण शोध की प्रभावशाली प्रस्तुति देकर विश्वविद्यालय का मान बढ़ाया है। उन्होंने हाल ही में नई दिल्ली स्थित जेएनयू सम्मेलन केंद्र में आयोजित 9वें वर्ल्ड कैंसर कांग्रेस में कैंसर में समन्वित चिकित्सा एवं अनुप्रयुक्त अनुसंधान विषय पर अपने शोध निष्कर्ष प्रस्तुत किए। उनके शोध का विषय गर्भाशय ग्रीवा कैंसर रोगियों में एलएनसीआरएनए-कास्क-2 के प्रमोटर मिथाइलेशन एवं अभिव्यक्ति का अध्ययन रहा। डॉ. रितु यादव ने गर्भाशय ग्रीवा कैंर के विकास में मानव पेपिलोमा विषाणु की भूमिका को विस्तार से समझाया तथा रोगियों में कास्क-2 जीन के प्रमोटर मिथाइलेशन की स्थिति एवं उसकी भिन्न-भिन्न अभिव्यक्तियों पर प्रकाश डाला। उन्होंने यह भी बताया कि कास्क-2 के प्रमोटर मिथाइलेशन का रोगियों के नैदानिक-रोगविज्ञान संबंधी तथा सामाजिक-जोखिम कारकों से महत्वपूर्ण संबंध पाया गया है। उल्लेखनीय है कि कैंसर एपिजेनेटिक्स के क्षेत्र में उनके उल्लेखनीय अनुसंधान कार्यों को राष्ट्रीय एवं अंतरराष्ट्रीय स्तर पर व्यापक पहचान मिल चुकी है।



शहादत दिवस पर विशेष




## भगत सिंह के अधूरे सपने पूरे करना जिम्मेदारी

**रोहतक।** शहीद-ए-आज़म भगत सिंह, राजगुरु और सुखदेव के शहादत दिवस की पूर्व संध्या पर भरत कॉलोनी में एक प्रेरणादायक बाल सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम ऑल इंडिया डेमोक्रेटिक यूथ ऑर्गेनाइजेशन (एआईडीवाईओ) द्वारा हरीश कुमार सैनी के नेतृत्व में सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। कार्यक्रम में बच्चों ने बढ़-चढ़कर भाग लेते हुए निबंध लेखन, भाषण और देशभक्ति कविताओं की प्रस्तुतियां दीं, जिससे माहौल देशभक्ति से ओत-प्रोत हो गया। अभिभावकों ने भी सक्रिय सहभागिता निभाते हुए क्रांतिकारी गीत प्रस्तुत किए। अंत में सभी प्रतिभागी बच्चों को पुरस्कृत कर उनका उत्साहवर्धन किया गया। हरीश कुमार सैनी ने कहा कि भगत सिंह के अधूरे सपनों को पूरा करना हमारी जिम्मेदारी है। उन्होंने कहा कि आज भी युवाओं को रोजगार, शिक्षा और स्वास्थ्य जैसी मूलभूत सुविधाओं के लिए संघर्ष करना पड़ रहा है। साथ ही समाज में बढ़ते भेदभाव पर चिंता जताई। उन्होंने युवाओं से आह्वान किया कि वे एकजुट होकर अन्याय और शोषण के खिलाफ आवाज उठाएं तथा एक समानता, न्याय और भाईचारे पर आधारित समाज के निर्माण में अपनी सक्रिय भूमिका निभाएं।



## पर्यावरण प्रहरी टीम ने शहीदों को दी श्रद्धांजलि

**रोहतक।** शहीदी दिवस के अवसर पर पर्यावरण प्रहरी टीम द्वारा शहीद-ए-आज़म भगत सिंह, राजगुरु और सुखदेव को भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की गई। इस दौरान टीम ने रोहतक-सोनीपत रोड स्थित नहर पुलों पर पर्यावरण संरक्षण और जल बचाने का संदेश भी दिया। कार्यक्रम में कृषि वैज्ञानिक डॉ. धर्म सिंह ने कहा कि अमर शहीदों की कुर्बानी के बिना देश में आजादी की क्रांति संभव नहीं थी। उनकी शहादत ने युवाओं में जोश भरकर स्वतंत्रता आंदोलन को नई दिशा दी। उन्होंने कहा कि इन बलिदानों के कारण ही अंग्रेजी शासन को यह अहसास हुआ कि भारत को अधिक समय तक गुलाम नहीं रखा जा सकता। इस अवसर पर कैप्टन जगवीर मलिक ने युवाओं से राष्ट्र रक्षा के लिए आगे आने का आह्वान किया। समाजसेवी राजवीर मलिक ने युवाओं को समाज और देश के लिए निरंतर कार्य करने की प्रेरणा दी। डॉ. रविंद्र नांदल ने शहीदों की शहादत को अविस्मरणीय बताते हुए उन्हें श्रद्धासुमन अर्पित किए, जबकि सूबेदार मेजर सुरेंद्र मलिक ने भी नमन कर कृतज्ञता व्यक्त की। कार्यक्रम में पूर्व सैनिक रमेश कुमार, सहदेव हुड्डा, प्राचार्य प्रोमिल चौधरी सहित अन्य पर्यावरण प्रहरियों ने भाग लेकर शहीदों को श्रद्धांजलि दी और पर्यावरण संरक्षण का संकल्प लिया।



## शहीदों के बलिदान को किया याद

**रोहतक।** वी.बी. कॉलेज ऑफ एजूकेशन के सभागार में शहीदी दिवस के अवसर पर अमर शहीद भगत सिंह, राजगुरु और सुखदेव को श्रद्धांजलि अर्पित की गई। कार्यक्रम का शुभारंभ अध्यक्ष सुदर्शन मलिक और डायरेक्टर संतोष मलिक द्वारा दीप प्रज्वलित कर किया गया। इस अवसर पर डायरेक्टर संतोष मलिक ने शहीदों के बलिदान को याद करते हुए उनके जीवन पर प्रकाश डाला और एक गीत के माध्यम से उन्हें नमन किया। उन्होंने कहा कि इन वीरों ने देश की आजादी के लिए हंसते-हंसते अपने प्राण न्योछावर कर दिए, जिनकी बदौलत आज हम स्वतंत्र वातावरण में जीवन जी रहे हैं। कार्यक्रम में छात्राध्यापकों ने भी उत्साहपूर्वक भाग लेते हुए शहीदों के जीवन पर भाषण, गीत और अन्य प्रस्तुतियां दीं, जिससे माहौल देशभक्ति से ओत-प्रोत हो गया। अंत में प्राचार्या डॉ. तृष्णा वर्मा ने सभी का धन्यवाद करते हुए कार्यक्रम का समापन किया। इस अवसर पर कॉलेज का समस्त स्टाफ उपस्थित रहा।

MANSAROVER HOSPITAL
MULTI SUPER SPECIALITY HOSPITAL
NEAR PNB BANK, OPP. VIKAS NAGAR, SONIPAT ROAD, ROHTAK, HARYANA
RECEPTION: 01262-253500, 9053005599, 9254302848
Latest MRI & Multi Slice CT SCAN
- Neuro Surgery
- General Medicine
- General Surgery
- Orthopedics
- ब्रेन, रीढ़ की हडिड्यों का ईलाज
- दूरबीन द्वारा सभी बिमारियों के ऑपरेशन
- पेट, छाती से सम्बंधित सभी बिमारियों का ईलाज
फौजी भाईयों का इलाज ECHS
• हरियाणा सरकार
• आयुष्मान भारत
• ESIC
के पैनल पर
DR. BALKISHAN GOEL
M.B.B.S, M.S, M.CH.
TRAUMA CENTRE, ICU & CRITICAL CARE
NEURO-ICU, GENERAL ICU, HOU (HIGH DEPENDANCY UNIT) जहर POISIONING CASE
24 HRS LAB/CAFE/PHARACY/AMBULANCE

**चर्चा** कंपनी अधिनियम के सेक्शन-8 के तहत होगा गठन


*यूनिवर्सिटी की एग्जीक्यूटिव काउंसिल की बैठक में बनी सहमति*

# स्टार्टअप को बढ़ावा देगी सुपवा, रिसर्च फंड जुटाने के लिए विवि में बनेगी कंपनी

हरिभूमि न्यूज ▸▸| रोहतक

दादा लख्मी चंद स्टेट यूनिवर्सिटी ऑफ परफॉर्मिंग एंड विजुअल आर्ट्स (डीएलसीसुपवा) ने एक स्वतंत्र कंपनी स्थापित करने का निर्णय लिया है। यह कंपनी स्टार्टअप को बढ़ावा देने का कार्य करेगी। इसका गठन कंपनी अधिनियम के सेक्शन-8 के तहत किया जाएगा। यह कंपनी यूनिवर्सिटी के छात्रों व रिसर्चर के स्टार्टअप के लिए फंड जुटाने की जिम्मेदारी निभाएगी। इस बात की सहमति यूनिवर्सिटी की एग्जीक्यूटिव काउंसिल (ईसी) की बैठक में बनी।

डीएलसीसुपवा के कुलगुरु डॉ अमित आर्य ने बताया कि केंद्रीय उद्योग और आंतिरिक व्यापार संवर्धन विभाग (डीपीआईआईटी) उद्यमियों की सहायता करने, मजबूत स्टार्टअप इकोसिस्टम का निर्माण करने और भारत को नौकरी ढूंढ़ने वालों के बजाय, नौकरी देने वाले देश में बदलने के उद्देश्य से कई कार्यक्रम चला रहा है। इसी के मद्देनजर सुपवा के छात्रों को आत्मनिर्भर बनाने के लिए स्टार्टअप स्थापित कराने का फैसला लिया गया है। ये स्टार्टअप छात्रों व रिसर्चर के आइडिया पर आधारित होंगे, जबकि इन्हें मूर्तरूप देने की जिम्मेदारी यूनिवर्सिटी की रहेगी। डॉ आर्य ने कहा कि इसके लिए ही एक स्वतंत्र कंपनी रजिस्टर्ड कराई जा रही है। दो सीनियर फैकल्टी को इसका निदेशक बनाया जाएगा। यह कंपनी बिना किसी लाभ के मॉडल पर आधारित रहेगी। इसका मुख्य कार्य स्टार्टअप के लिए प्रदेश व केंद्र सरकार से फंड जुटाना रहेगा। इसके साथ ही स्टार्टअप के लिए मेंटर के तौर पर कार्य करने के अलावा इन्हें पूरी इंडस्ट्रियल किट भी मुहैया कराएगी, ताकि उन्हें मार्केट में किसी तरह की दिक्कत खड़ी न हो।



रोहतक। सुपवा परफॉर्मिंग व विजुअल आर्ट्स की यूनिवर्सिटी।

### छात्रों की आमदनी का जरिया बनाने की जरूरत

डॉ आर्य ने कहा कि डीएलसी सुपवा परफॉर्मिंग व विजुअल आर्ट्स की यूनिवर्सिटी है, इसलिए यहां के डिजाइन, कलाकृतियों, मॉडल आदि को मार्केट तक पहुंचाने व इन्हें छात्रों की आमदनी का जरिया बनाने की सख्त जरूरत है। आइडिया को फंडिंग के बाद स्टार्टअप को हर कदम पर मार्गदर्शक के तौर पर आगे बढ़ाने की जिम्मेदारी सुपवा द्वारा बनाई जाने वाली कंपनी की रहेगी। स्टार्टअप को व्यवहारिक तौर पर बाजार भी यही कंपनी उपलब्ध कराएगी।

### शुरुआती कार्यकाल 10 साल होगा तय

डॉ आर्य ने बताया कि शुरुआत में इसका कार्यकाल 10 साल तय किया जाएगा, जिसे समीक्षा के बाद आगे बढ़ाया भी जा सकता है। स्टार्टअप को डीपीआईआईटी से मान्यता दिलाने से लेकर उसे कर मुक्त कराने तक का काम इस स्वतंत्र कंपनी का रहेगा। इसी के तहत इनक्यूबेटर और इनोवेशन लैब स्थापित की जाएगी। एमएआरजी मेंटरशिप कनेक्ट, कार्यक्रम, प्रतिस्पर्धाएं व स्टार्टअप को बढ़ाने में मदद करने के लिए अनुदान आदि की व्यवस्था उक्त कंपनी ही करेगी।

## शहीदों को अर्पित की पुष्पांजलि

**रोहतक।** सचिन गुप्ता ने शहीदी दिवस के अवसर पर देश के महान बलिदानियों को श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए कहा कि शहीदों का साहस और त्याग सदैव प्रेरणा देता रहेगा। उन्होंने भगत सिंह, राजगुरु और सुखदेव को याद करते हुए कहा कि इन वीर सपूतों ने देश की आजादी के लिए हंसते-हंसते अपने प्राण न्योछावर कर दिए। डीसी ने रोहतक के नागरिकों, विशेषकर युवाओं से आह्वान किया कि वे शहीदों के आदर्शों को अपने जीवन में अपनाएं और राष्ट्र निर्माण में सक्रिय भागीदारी निभाएं। उन्होंने कहा कि ईमानदारी, कर्तव्यनिष्ठा और देशभक्ति की भावना के साथ अपने दायित्वों का निर्वहन करना ही शहीदों के प्रति सच्ची श्रद्धांजलि है।

नगर निगम रोहतक
सार्वजनिक सूचना
सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि नगर निगम, रोहतक की कर शाखा के सम्पत्तिकर के रिकार्ड में नई प्रोपर्टी आई.डी. नं. 1H232TP7 पुरानी प्रोपर्टी आई.डी. नं. 73C550U160 वार्ड / पता Mohalla Market Rohtak पुरानें एन.डी.सी. रिकार्ड में Kavita Devi W/o Somnath व सर्वे के अनुसार नए एन.डी.सी. रिकार्ड में NA नाम से दर्ज है, अब नगर निगम के रिकार्ड में इस आई.डी. नं. में प्रार्थी जिनका नाम सुमन, रजनी, प्रियंका वसीयत/ वारसान के आधार पर अपने नाम तबदील करवाना चाहते है जिसकी वारसान रिपोर्ट तहसीलदार, रोहतक द्वारा तसदीक की गई है। यदि किसी भी जनसाधारण को इनके नाम तबदील करने में कोई भी आपत्ति है तो 30 दिन के अन्दर अन्दर नगर निगम कार्यालय में अपनी आपत्ति दर्ज करवाये, अन्यथा प्रोपर्टी टैक्स में उसके नाम तबदील कर दी जायेगी। जिसके लिए नगर निगम, रोहतक कोई उत्तरदायी नहीं होगा।
क्रमांकः MCR/ZTO/2026/445 हस्ता/-क्षेत्रीय कराधान अधिकारी,
दिनांकः 20/03/2026 नगर निगम रोहतक

## खबर संक्षेप

### कर्मचारियों का मानदेय बढ़ाने की मांग तेज

**रोहतक।** हरियाणा राज्य लघु सिंचाई निगम व आईटीसी से जुड़े विभिन्न श्रेणी के कर्मचारियों को वर्तमान में 6000 से 20000 रुपये तक मासिक मानदेय मिल रहा है, जिसे कर्मचारियों ने अपर्याप्त बताया है। इस संबंध में कांग्रेस के जिला उपाध्यक्ष अडिचंद निंबड़िया ने मानदेय में बढ़ोतरी की मांग उठाई है। उन्होंने बताया कि यह मानदेय पूर्व मुख्यमंत्री मनोहर लाल खट्टर के कार्यकाल में लागू किया गया था, लेकिन मौजूदा समय में बढ़ती महंगाई और बेरोजगारी के कारण इतनी राशि से परिवार का गुजारा करना मुश्किल हो गया है। निंबड़िया ने कहा कि कर्मचारियों की आर्थिक स्थिति को देखते हुए सरकार को जल्द ही मानदेय में वृद्धि करनी चाहिए। उन्होंने मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी से इस मामले में सकारात्मक निर्णय लेने की अपील की है, ताकि कर्मचारियों को राहत मिल सके।




*विद्यार्थियों ने पोस्टर मेकिंग गतिविधि के माध्यम से स्वच्छ पर्यावरण और जलवायु परिवर्तन से संबंधित संदेश दिए*

### युवाओं को समानता का दिया संदेश

**रोहतक।** शहीदी दिवस के अवसर पर लाइब्रेरी लॉन में भगत सिंह, राजगुरु और सुखदेव को श्रद्धांजलि अर्पित की गई। इस दौरान विद्यार्थियों ने पुष्प अर्पित कर अमर शहीदों के सर्वोच्च बलिदान को नमन किया। कार्यक्रम में भगत सिंह के जाति-विरोधी और सांप्रदायिकता-विरोधी विचारों को विशेष रूप से याद किया गया। वक्ताओं ने कहा कि उनके विचार आज भी समाज के लिए प्रासंगिक हैं और युवाओं को उनसे प्रेरणा लेने की आवश्यकता है। इस अवसर पर विद्यार्थियों से आह्वान किया गया कि वे समानता, भाईचारे और एकता के मूल्यों को अपनाएं तथा समाज में सकारात्मक बदलाव लाने के लिए आगे आएं। कार्यक्रम का उद्देश्य युवा पीढ़ी को शहीदों के आदर्शों से जोड़ना और उन्हें जिम्मेदार नागरिक बनने के लिए प्रेरित करना रहा।

## रखरखाव के अभाव में 30 लाख की आरजीबी लाइटें एक साल में ही बेअसर

# 52 चौक-चौराहों पर लगी रंगीन लाइटों का रंग उड़ा

***ज्यादातर जगहों पर बंद पड़ी लाइटें, सरकारी धन के उपयोग पर भी सवाल खड़े हो रहे***

हरिभूमि न्यूज ⏭ रोहतक

शहर को आधुनिक और आकर्षक बनाने के उद्देश्य से नगर निगम द्वारा लगाए गए आरजीबी लाइट प्रोजेक्ट की चमक अब फीकी पड़ती नजर आ रही है। विधानसभा चुनाव से पहले पिछले वर्ष हिसार नगर निगम के आयुक्त रहे प्रदीप दहिया को रोहतक नगर निगम का अतिरिक्त कार्यभार सौंपा गया था। उनके कार्यकाल में हिसार की तर्ज पर रोहतक में भी आरजीबी लाइट लगाने की योजना बनाई गई थी, जिसे मंजूरी मिलने के बाद करीब 30 लाख रुपये की लागत से शहर के 52 प्रमुख चौक-चौराहों पर स्थापित किया गया।

इन लाइटों की खासियत यह थी कि ये लाल, हरे और नीले रंगों के संयोजन से अलग-अलग रंगों में रोशनी देती हैं। चौक या गोलचक्कर के आसपास पेड़ों, प्रतिमाओं या अन्य संरचनाओं पर इनकी रोशनी पड़ते ही पूरा क्षेत्र रात के समय रंग-बिरंगी रोशनी से जगमगाने लगता था।

शुरुआत में इस पहल को शहरवासियों ने खूब सराहा और यह रोहतक की सुंदरता में चार चांद लगाने वाला कदम माना गया, लेकिन अब, एक साल बीतने के बाद स्थिति बिल्कुल विपरीत नजर आ रही है। शहर के ज्यादातर चौक-चौराहों पर लगी आरजीबी लाइटें या तो पूरी तरह बंद पड़ी हैं या फिर ठीक से काम नहीं कर रही हैं। कई स्थानों पर लाइटें खराब होकर सिर्फ औपचारिकता बनकर रह गई हैं। इससे न केवल शहर की सुंदरता पर असर पड़ा है, बल्कि सरकारी धन के उपयोग पर भी सवाल खड़े हो रहे हैं।



**रोहतक।** छोटूराम चौक पर नहीं जलती लाइट। फोटो : हरिभूमि

### जगमगा रहे सभी चौराहे : डॉ. आनंद



इस तरह की कोई बात है तो उसे चेक करवाया जाएगा। हालांकि सभी चौक चौराहों पर लगी लाइटें काम कर रही हैं। सभी चौराहें जगमगा रहे हैं। फिर भी कहीं समस्या बनी हुई है तो उसका समाधान करवाया जाएगा। कहीं पर कोई टेक्निकल फाल्ट मिल सकता है, लेकिन ऐसी कोई समस्या है नहीं।

**-डॉ. आनंद कुमार शर्मा,** आयुक्त, नगर निगम

### शुरुआत में यह पहल बेहद आकर्षक थी

स्थानीय लोगों का कहना है कि शुरुआत में यह पहल बेहद आकर्षक थी, लेकिन समय के साथ निगम द्वारा इनके रखरखाव पर ध्यान नहीं दिया गया। नियमित मेंटेनेंस की कमी के कारण लाइटें धीरे-धीरे खराब होती गईं और अब अधिकांश स्थानों पर इनकी स्थिति दयनीय हो चुकी है। आरजीबी लाइट में तीन एलईडी चिप्स होते हैं, जो मिलकर विभिन्न रंगों की रोशनी उत्पन्न करते हैं। इनकी कीमत करीब एक हजार से लेकर 9 हजार रुपये तक होती है। तकनीकी रूप से यह लाइटें लंबे समय तक चलने के लिए बनाई जाती हैं, लेकिन सही देखभाल और समय पर मरम्मत न होने से इनकी उम्र कम हो जाती है।

### इन जगहों पर लगाई गई हैं लाइटें

- 50 वॉट की लाइट डीपार्क पर 4 लाइटें, अशौका चौक पर 5, गोहाना अड्डा पर 4, सोनीपत स्टैंड पर 4,भिवानी स्टैंड पर 2 व पावर हाउस चौक पर 4 लाइटें लगाई गई है।
- 100 वॉट की लाइटें रुपया चौक पर 13, दिल्ली बाइपास पर 5, सेक्टर-14 गोल चक्कर पर 5, सुभाष चौक पर 4, श्रीराम शर्मा प्रतिमा पर 2, आईजी कॉलेज कार्नर पर 3, कोर्ट चौक पर 5, कैनाल रेस्ट हाउस चौक पर 3, माता दरवाजा चौक पर 5, वाल्मीकी चौक पर 4, महाबीर पार्क पर 2 व नगर निगम कार्यालय पर 1 लगी हैं।
- 200 वॉट की लाइट महात्मा गांधी पार्क पर 6, डॉ मंगलसेन पार्क पर 6, सुभाष चौक पर 5, आंबेडकर चौक पर 6, रोटरी चौक पर 12, छोटूराम चौक पर 5 व नगर निगम कार्यालय पर 3 लाइटें लगी हुई हैं।



**पानी कम होने से टली बड़ी घटना**

# झज्जर रोड पर रजवाहे के कटाव से गिरा पेड़

***विभाग ने जेसीबी से रास्ता कराया साफ यातायात व्यवस्था सामान्य हुई***

हरिभूमि न्यूज ⏭ रोहतक

झज्जर रोड पर बने रजवाहे के किनारे मिट्टी के कटाव के कारण एक पेड़ अचानक गिर गया। गनीमत यह रही कि उस समय रजवाहे में पानी का स्तर काफी कम था, जिसके चलते किसी प्रकार की जनहानि नहीं हुई। साथ ही सड़क पर भी ट्रैफिक सामान्य बना रहा और किसी तरह का जाम नहीं लगा।

घटना की सूचना मिलते ही संबंधित विभाग तुरंत सक्रिय हो गया। विभाग की टीम ने मौके पर पहुंचकर जेसीबी मशीन की मदद से गिरे हुए पेड़ को हटवाया और सड़क को पूरी तरह से साफ करवा दिया। कुछ ही समय में यातायात व्यवस्था सामान्य कर दी गई, जिससे लोगों को कोई खास परेशानी नहीं उठानी पड़ी।

स्थानीय लोगों का कहना है कि रजवाहे के किनारों पर लगातार हो रहे मिट्टी के कटाव को लेकर पहले भी चिंता जताई जा चुकी है, लेकिन इस दिशा में स्थायी समाधान नहीं किया गया। यही कारण है कि इस तरह की घटनाएं सामने आ रही हैं। गौरतलब है कि करीब तीन माह पहले भी इसी रजवाहे में पानी अधिक होने के कारण वह टूट गया था। उस दौरान रजवाहे का पानी सड़क पर आ गया था, जिससे आसपास के इलाके में अफरा-तफरी का माहौल बन गया था। हालांकि उस समय भी विभाग ने करीब दो घंटे की मशक्कत के बाद स्थिति पर काबू पा लिया था।

# छात्रों ने लिया राष्ट्रसेवा का संकल्प

***राजकीय आईटीआई में शहीदी दिवस पर दी श्रद्धांजलि***

हरिभूमि न्यूज ⏭ रोहतक

शहीदी दिवस के अवसर पर राजकीय आईटीआई में अमर क्रांतिकारी भगत सिंह, सुखदेव और राजगुरु को भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की गई। युवा अधिकारिता एवं उद्यमिता विभाग के दिशा-निर्देशानुसार आयोजित कार्यक्रम में छात्रों और स्टाफ ने शहीदों के अद्वितीय बलिदान को याद करते हुए राष्ट्र निर्माण और सामाजिक एकता का संकल्प लिया। इस मौके पर संस्थान में श्रद्धांजलि सभा और भाषण प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। छात्रों ने शहीदों के चित्रों पर माल्यार्पण कर उन्हें नमन किया और राष्ट्रसेवा की शपथ ली। कार्यक्रम का उद्देश्य युवा पीढ़ी को स्वतंत्रता सेनानियों के संघर्ष और बलिदान से परिचित कराना तथा उन्हें जिम्मेदार नागरिक बनने के लिए प्रेरित करना रहा। मंच संचालन कर रहे कैप्टन अनिल कुमार ने युवाओं को निडरता, एकता और देशभक्ति का संदेश दिया। वहीं प्रधानाचार्य राजपाल सिंधु ने छात्रों को संबोधित करते हुए कहा कि राष्ट्रसेवा केवल बड़े कार्यों से ही नहीं, बल्कि प्राकृतिक संसाधनों की रक्षा, स्वच्छता बनाए रखने और बिजली-पानी बचाने जैसे छोटे प्रयासों से भी की जा सकती है। कार्यक्रम के अंत में सभी छात्र-छात्राओं को लड्डू वितरित किए गए। इस अवसर पर संस्थान का समस्त स्टाफ उपस्थित रहा।




**रोहतक।** कार्यक्रम को सम्बोधित करते मुख्य वक्ता। फोटो : हरिभूमि

# कांग्रेस भवन में शहीदों को किया नमन

**पूर्व सीएम हुड्डा और विधायक सहित नेताओं ने पुष्प अर्पित किए**

हरिभूमि न्यूज ⏭ रोहतक

शहीदी दिवस के अवसर पर रोहतक स्थित कांग्रेस भवन में पूर्व मुख्यमंत्री एवं नेता प्रतिपक्ष भूपेंद्र सिंह हुड्डा ने शहीदों को श्रद्धांजलि अर्पित की। इस दौरान उन्होंने पुष्प अर्पित कर देश के वीरों को नमन किया। कार्यक्रम में उनके साथ विधायक भारत भूषण बत्तरा, पूर्व गृहमंत्री सुभाष बत्रा, कांग्रेस जिला अध्यक्ष कुलदीप केडी, रोहतक ग्रामीण अध्यक्ष बलवान रंगा सहित कांग्रेस के कई पदाधिकारी, पार्षद और कार्यकर्ता मौजूद रहे।

हुड्डा ने अपने संबोधन में कहा कि शहीदों का बलिदान देश की नींव है और हमें उनके बताए मार्ग पर चलते हुए देश की एकता, अखंडता और लोकतंत्र को मजबूत करना चाहिए। विधायक भारत भूषण बत्रा ने कहा कि शहीदों की कुर्बानी को कभी भुलाया नहीं जा सकता। उन्होंने युवाओं से आह्वान किया कि वे शहीदों के आदर्शों से प्रेरणा लेकर देश सेवा में आगे आएं। कांग्रेस जिला अध्यक्ष कुलदीप केडी ने कहा कि शहीदी दिवस हमें त्याग और समर्पण की भावना का संदेश देता है।

वहीं बलवान रंगा ने कहा कि शहीदों का सम्मान करना हम सभी का कर्तव्य है और उनके आदर्श हमें सही दिशा दिखाते हैं। इस दौरान बड़ी संख्या में पार्षदों और कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने भी शहीदों को श्रद्धांजलि दी। अंत में सभी ने शहीदों के बलिदान को याद करते हुए उनके आदर्शों पर चलने का संकल्प लिया।



**रोहतक।** शहीदों को श्रद्धांजलि अर्पित करते पूर्व मुख्यमंत्री एवं नेता प्रतिपक्ष भूपेंद्र सिंह हुड्डा व अन्य पदाधिकारी। फोटो : हरिभूमि



### शहीदी दिवस पर एलसीएलओ यूनियन ने निकाला मार्च, पुलिस ने रोका

**रोहतक।** शहीदी दिवस के अवसर पर एलसीएलओ यूनियन हरियाणा द्वारा शहीद-ए-आज़म भगत सिंह, सुखदेव और राजगुरु को पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दी गई। इसके बाद यूनियन के सदस्यों ने अपनी मांगों को लेकर मुख्यमंत्री आवास के घेराव हेतु शांतिपूर्ण मार्च निकाला। मार्च के दौरान पुलिस प्रशासन ने प्रदर्शनकारियों को रास्ते में ही रोक दिया, जिससे युवाओं में रोष देखने को मिला। यूनियन पदाधिकारियों ने इसे युवाओं की आवाज दबाने का प्रयास बताते हुए कहा कि आज भी अपने अधिकारों के लिए संघर्ष करना पड़ रहा है। घटना की सूचना मिलने पर मुख्यमंत्री के प्रतिनिधि कैलाश सैनी मौके पर पहुंचे और प्रदर्शनकारियों से वार्ता की। उन्होंने आश्वासन दिया कि 31 मार्च तक एलसीएलओ से जुड़े मुद्दों का समाधान कर दिया जाएगा। साथ ही मुख्यमंत्री से बातचीत कर सभी साथियों को पद देने का भरोसा भी जताया। राज्य प्रधान पवन ने बताया कि पिछले सात महीनों से लघु सचिवालय कुरुक्षेत्र में धरना जारी है। उन्होंने कहा कि परीक्षाएं पास करने और शुल्क देने के बावजूद युवाओं को सड़कों पर उतरना पड़ रहा है। वहीं, उपप्रधान प्रवीन ने कहा कि कई बार मुलाकात के बावजूद केवल आश्वासन ही मिले हैं। कार्यकारिणी सदस्य रोहित धानिया ने चेतावनी दी कि यदि मांगें पूरी नहीं हुईं तो आगामी चुनावों में बहिष्कार किया जाएगा।

# शहीदी दिवस पर बलिदानियों को किया याद, यज्ञ कर दी श्रद्धांजलि

***आर्य प्रतिनिधि सभा हरियाणा में आयोजित कार्यक्रम में शहीदों के बलिदान को किया याद***

हरिभूमि न्यूज ⏭ रोहतक

शहीदी दिवस के अवसर पर आर्य प्रतिनिधि सभा हरियाणा, दयानंद मठ रोहतक में वेदप्रचार मंडल के तत्वावधान में श्रद्धांजलि कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत हवन (यज्ञ) से हुई, जिसमें ब्रह्मा के रूप में श्री राजकुमार आर्य रहे, जबकि यजमान के रूप में धर्मपाल आर्य एवं उनकी धर्मपत्नी सुनीता ने आहुतियां अर्पित कीं।

इस मौके पर बहन दयावती आर्या ने देशभक्ति से ओत-प्रोत गीत प्रस्तुत कर वातावरण को भावुक बना दिया। कार्यक्रम संयोजक सुभाष आर्य सांगवान ने भगत सिंह के जीवन प्रसंगों को साझा करते हुए उनके राष्ट्रप्रेम और बलिदान को याद किया। उन्होंने बताया कि शहीदों ने देश की स्वतंत्रता के लिए अपना सर्वस्व न्यौछावर कर दिया। मुख्य वक्ता आर्यसमाज रूपनगर के प्रधान ओमप्रकाश आर्य ने कहा कि स्वतंत्रता आंदोलन में आर्यसमाज की महत्वपूर्ण भूमिका रही और कई क्रांतिकारी इससे प्रेरित होकर देश सेवा में आगे आए। कार्यक्रम में धर्मराज आर्य, जगवीर आर्य सहित युवाओं ने भी भाग लेकर शहीदों को श्रद्धांजलि दी और उनके आदर्शों पर चलने का संकल्प लिया।



**रोहतक।** हवन यज्ञ में आहुति डालते आर्यसमाजी। फोटो : हरिभूमि

### 'एक शाम शहीदों के नाम' हुआ कार्यक्रम

**रोहतक।** 95वें शहीदी दिवस पर महापुरुष स्मृति परिषद द्वारा आर्य चौपाल सेवा समिति, प्रेमनगर में 'एक शाम शहीदों के नाम' कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में अमर शहीद भगत सिंह, राजगुरु और सुखदेव को श्रद्धांजलि अर्पित की गई तथा विश्व शांति यज्ञ व स्मृति सभा आयोजित हुई। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रधान राजबीर सिंह सिवाच ने की। परिषद अध्यक्ष जसबीर सिंह मलिक ने कहा कि शहीदों का बलिदान देश के लिए प्रेरणादायक है और उनकी विचारधारा आज भी प्रासंगिक है। उन्होंने युवाओं से महापुरुषों के जीवन से प्रेरणा लेकर समाजहित में कार्य करने का आह्वान किया। इस अवसर पर सर्वसम्मति से कई सामाजिक प्रस्ताव पारित किए गए, जिनमें भोजन की बर्बादी रोकने, अधिक से अधिक पेड़ लगाने, पर्यावरण संरक्षण, जल व वायु प्रदूषण रोकने तथा नहरों में विसर्जन न करने का संकल्प लिया गया। कार्यक्रम में विभूतियों का तिरंगा पट्ट व ओम ध्वज देकर सम्मान किया गया। कवित्री खुशबू जैन व बदन सिंह तोमर ने वीर रस की कविताएं प्रस्तुत कीं। कई सामाजिक व पूर्व सैनिक संगठनों के प्रतिनिधियों ने भी अपने विचार रखे।




**रोहतक।** बैठक को सम्बोधित करते डिपो प्रधान सुरेश नेहरा। फोटो : हरिभूमि

### रोहतक डिपो कमेटी ने जनरल हाउस मीटिंग में लिया हिस्सा : सुरेश नेहरा

- **शहीदी दिवस पर शहीदों को श्रद्धांजलि, संगठन मजबूती को लेकर अहम प्रस्ताव पारित**

**रोहतक।** रोडवेज कर्मचारी यूनियन हरियाणा की जनरल हाउस मीटिंग सोमवार को यूनियन कार्यालय, कामरेड बलदेव सिंह घणघस भवन में आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता राज्य प्रधान सरदार निशान सिंह ने की, जबकि संचालन राज्य महासचिव जयवीर घणघस ने किया। मीटिंग में राज्य पदाधिकारियों के साथ विभिन्न डिपो के प्रधान, सचिव, डिपो कमेटी सदस्य और बड़ी संख्या में कर्मचारियों ने भाग लिया। रोहतक डिपो के पदाधिकारियों और कर्मचारियों की भागीदारी विशेष रूप से सक्रिय रही। डिपो प्रधान सुरेश नेहरा ने बताया कि बैठक में शहीदी दिवस मनाते हुए शहीदों को श्रद्धांजलि अर्पित की गई। इस दौरान उनके बलिदानों को याद करते हुए उनके जीवन और संघर्ष पर विस्तार से चर्चा की गई। साथ ही संगठन को मजबूत बनाने के लिए कई महत्वपूर्ण प्रस्ताव पारित किए गए। राज्य प्रधान निशान सिंह ने बताया कि जल्द ही यूनियन की राज्य कमेटी की बैठक बुलाई जाएगी, जिसमें आगामी आंदोलन की रूपरेखा तय की जाएगी। उन्होंने कहा कि कर्मचारियों की समस्याओं के समाधान के लिए डिपो स्तर पर गेट मीटिंग आयोजित की जाएंगी और महाप्रबंधकों से मिलकर मांगों को उठाया जाएगा। बैठक में बड़ी संख्या में कर्मचारियों की मौजूदगी ने संगठन की एकजुटता को दर्शाया।

**एसएफआई एमडीयू यूनिट ने निकाला मशाल जुलूस**

# महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय में गूंजे इंकलाब के नारे

हरिभूमि न्यूज ⏭ रोहतक

शहीद-ए-आजम भगत सिंह, राजगुरु और सुखदेव के 95वें शहादत दिवस के अवसर पर महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय (एमडीयू) में क्रांतिकारी माहौल देखने को मिला। एसएफआई एमडीयू यूनिट द्वारा शहीदों की याद में बॉयज हॉस्टल से लेकर विश्वविद्यालय के क्रांति चौक तक एक विशाल मशाल जुलूस निकाला गया। कार्यक्रम में विश्वविद्यालय के रजिस्ट्रार डॉ. कृष्णकांत ने भी शिरकत की। उन्होंने छात्रों द्वारा शहीदों को याद करने के इस प्रयास की सराहना की और अपने संबोधन से उपस्थित युवाओं का उत्साहवर्धन किया। हाथों में मशालें थामे छात्रों ने पूरे रास्ते क्रांतिकारी नारे लगाए और शहीदों के बलिदान को याद किया। इस जुलूस का नेतृत्व यूनिट सचिव उज्ज्वल ने किया। उन्होंने कहा कि अंग्रेजी हुकूमत ने जनता के भारी विरोध से डरकर निर्धारित समय से पहले ही 23 मार्च 1931 की रात को गुपचुप तरीके से इन वीरों को फांसी दे दी थी। उन्होंने जोर दिया कि आज के युवाओं को इन महान क्रांतिकारियों के साहस और वैचारिक दृढ़ता से सीख लेने की जरूरत है। यूनिट उपाध्यक्ष विक्रम ने जुलूस के समापन पर कहा आज हम जिस खुली हवा में सांस ले रहे हैं, वह इन्हीं शहीदों की शहादत का परिणाम है। हमें अपनी पढ़ाई के साथ-साथ देश में व्याप्त गैर-बराबरी और भेदभाव के खिलाफ भी निरंतर संघर्ष करना होगा।

मशाल जुलूस के दौरान मुख्य रूप से रोहित, राज, दीपक, उज्जवल, प्रांजल, नीरज, भारत, रवि, अमन, अमित, लक्ष्य, सक्षम, रेनू सहित भारी संख्या में छात्र और एसएफआई के कार्यकर्ता मौजूद रहे।



**रोहतक।** मशाल जुलूस निकालने के बाद मौजूद कुलसचिव डॉ. कृष्णकांत व विद्यार्थी।

### सीबीआई-एसटीएफ से करवाई जाए खैर के पेड़ काटने की जांच

**रोहतक।** पंचकूला में खैर के वृक्षों की अवैध कटाई के मामले में वन विभाग और वन्य जीव शाखा के बीच क्षेत्राधिकार को लेकर विवाद गहराता जा रहा है। पर्यावरण संरक्षण समिति हरियाणा के सदस्य जीवन सिंह ने आरोप लगाया कि यह कागजी युद्ध जांच को भटकाने और दबाने का प्रयास है। उन्होंने कहा कि सुरक्षित व आरक्षित वन क्षेत्रों के साथ-साथ अधिसूचित वन्य प्राणी विहार व अभ्यारण्य से जुड़े इलाकों में खैर के पेड़ों की अवैध कटाई की परतें खुल रही हैं, जो प्रशासनिक कार्यप्रणाली पर सवाल खड़े करती हैं। उन्होंने मुख्यमंत्री से मामले की निष्पक्ष जांच सीबीआई या एसटीएफ से करवाने की मांग की, ताकि जिम्मेदारी तय हो सके। जीवन सिंह ने आरोप लगाया कि क्षेत्राधिकार के विवाद में मामले को उलझाकर गर्मी के मौसम का इंतजार किया जा रहा है, जिससे संभावित आगजनी या अन्य तरीकों से सबूत नष्ट किए जा सकें। उन्होंने यह भी कहा कि भारतीय वन अधिनियम 1927 के तहत कार्रवाई तो की गई, लेकिन वन्य प्राणी संरक्षण अधिनियम 1972 की धारा 51 के तहत कार्रवाई न होने से वन अपराधियों को राहत मिली। जीवन सिंह ने विभागीय कार्यप्रणाली पर सवाल उठाते हुए कहा कि वन अपराध रिपोर्टों को कम्पाउंड करने की प्रक्रिया भी जांच के दायरे में आनी चाहिए। साथ ही उन्होंने आरोप लगाया कि पुराने मामलों को उठाकर असली मुद्दों से ध्यान भटकाया जा रहा है, जिससे अवैध कटाई, खनन और माफिया गतिविधियों को बढ़ावा मिल रहा है।

### अज्ञात व्यक्ति को परिवार से मिलवाया

**रोहतक।** हरि ओम सेवा दल की सराहनीय पहल से एक अज्ञात घायल व्यक्ति को उसके परिवार से मिलवाया गया। जानकारी के अनुसार 13 मार्च को करीब 35 वर्षीय एक पुरुष को सामान्य अस्पताल गुरुग्राम से रेफर कर रोहतक पीजीआईएमएस के ट्रॉमा सेंटर में भर्ती कराया गया था। व्यक्ति के दोनों हाथों और सिर पर चोट के निशान थे तथा वह अपनी पहचान बताने में असमर्थ था। हरि ओम सेवा दल के सेवादारों ने उसकी देखरेख और उपचार में अहम भूमिका निभाई। कुछ दिनों बाद होश में आने पर मरीज ने अपना नाम और पता बताया। इसके बाद मेडिकल इंचार्ज हितेश ने दिए गए पते पर संपर्क कर परिजनों को सूचना दी। सूचना मिलते ही परिजन रोहतक पहुंचे और 21 मार्च को मरीज को पीजीआईएमएस के वार्ड-4 से अपने साथ ले गए। परिवार ने सेवा दल और अस्पताल स्टाफ का आभार जताया। इस मौके पर संस्था संचालक विजय खुराना, मेडिकल इंचार्ज हितेश, सेवादार आकाश और रवि सोहल सहित अन्य सदस्य उपस्थित रहे। संस्था की इस पहल की क्षेत्र में सराहना की जा रही है।